दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 248

ग्वालियर, शनिवार 28 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

जुमे की नमाज पढ़ने आना है तो घर से वज़ू करके आएं, ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी ने जारी की एडवाइजरी

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में एडवोकेट कमिश्नर के सर्वे के दौरान कथित तौर पर शिवलिंग मिलने के बाद कोर्ट के आदेश से मस्जिद में स्थित वजूखाने को सील कर दिया

गया है। इसके बाद से ही मस्जिद की देखभाल करने वाली अंजुमन इंतजामियां मसाजिद कमेटी की ओर जुमे की नमाज को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। एक बार फिर अंजुमन इंतजामियां मसाजिद कमेटी ने लोगों से कम संख्या में ज्ञानवापी मस्जिद में नमाज पढ़ने की अपील की है। कमेटी ने अपील की है कि लोग अपने मोहल्ले में ही नमाज अदा करें जिन लोगों को ज्ञानवापी मस्जिद में नमाज अदा करने आना भी है तो वे वजू करके ही आए। मसाजिद कमेटी ने सार्वजनिक तौर पर पत्र जारी भी किया है।अंजुमन इंतजामियां मसाजिद कमेटी ने अपनी चिट्ठी में लिखा जैसा कि आप हज़रात को मालूम है कि शाही जामा मस्जिद ज्ञानवापी बनारस का मुकदमा इस वक्त मकामी अदालत के साथ साथ हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है और यहां की मुकामी अदालत ने जामा मस्जिद के वजू खाने और इस्तिनजा खाने शौचालय को सील कर दिया है। कमेटी ने आगे लिखा इस मसले के हल के लिये हर मुमकिन कोशिश जारी है। अल्लाह करे जल्द ही इस परेशानी का हल निकल आए।

असम में बाढ़ का कोहराम, 30 लोगों ने प्राण गंवाए, 5 लाख से अधिक प्रभावित

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर राज्य असम में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए है। ऐसे में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। बीते गुरुवार को बारिश संबंधित घटना में दो और लोगों की मौत हो गई। वहीं सरकारी आंकड़े के मुताबिक 5.61 लाख लोग अब भी बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को नगांव और कामपुर में एक-एक व्यक्तियों की मौत हुई है। इन नई मौतों के चलते प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है। एएसडीएमए ने बताया कि कछार, दीमा हसाओ, हैलाकांडी, होजई, कार्बी आंगलोंग पश्चिम, मोरीगांव और नगांव जिले के 5 लाख 61 हजार 100 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक नगांव जिले के 3.68 लाख लोग बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं कछार जिले में लगभग 1.5 लाख लोग और मोरीगांव जिले में 41,000 से अधिक लोग प्रभावित हैं। बीते गुरुवार को एक अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम (एमएमसीटी) गुवाहाटी पहुंची। फिर राज्य में बाढ़ और भूस्खलन के नुकसान के आंकलन के लिए राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग अधिकारियों के साथ बातचीत की। एएसडीएमए ने एक बयान में कहा कि नुकसान का आंकलन तेजी से करने के लिए आईएमसीटी सदस्यों को दो समूह में बांटा गया है, जो प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे। पहला समूह कछार और दीमा हसाओ जिलों का दौरा करेगा, जबकि दूसरा समूह दरांग, नगांव और होजई का दौरा करेगा। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में, 956 गांव जलमग्न हैं और पूरे असम में 47,139.12 हेक्टेयर के फसल को नुकसान पहुंचा है। अधिकारी छह जिलों में 365 राहत शिविर और वितरण केंद्र चला रहे हैं, जहां 13,988 बच्चों सहित 66,836 लोग शेल्टर में हैं। अब तक 1,243.65 क्विंटल चावल, दाल और नमक, 5,075.11 लीटर सरसों का तेल, 300 क्विंटल पशु चारा और अन्य बाढ़ राहत सामग्री वितरित की जा चुकी है।

दो-तीन दिन में केरल पहुंचेगा मानसून, दिल्ली में बादल छाए रहने की उम्मीद

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी है। लोगों को गर्मी से राहत कब मिलेगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सवाल यह भी है कि आखिर देश में मानसून दस्तक कब देगा? इस लेकर अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बड़ी बात कही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आरके जेनामणि ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में केरल में मानसून पहुंच सकता है। इसके साथ ही दिल्ली में आगामी कुछ दिनों तक बादल छाए रहने वाले हैं। जेनामणि ने बताया कि वर्षा के कारण, भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य और सामान्य से नीचे है। अगले 5 दिनों में कोई लू की स्थिति नहीं होगी। पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय है और वहां बारिश का कारण बनेगा। जेनामणि ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर और लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। पिछले 24 घंटों में, केरल तट और दक्षिण-पूर्व अरब सागर में बादलों की उपस्थिति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। केरल में मानसून की शुरुआत 2-3 दिनों में होने की संभावना है। वहीं दिल्ली के लेकर भी उन्होंने बड़ा बयान दिया है। जेनामणि ने बताया कि दिल्ली में अगले 2 दिनों तक बादल छाए रहने वाले हैं।

न प्रियंका गांधी लौटीं न अध्यक्ष मिला यूपी में सबसे बुरी हार के बाद कहां गई कांग्रेस

लखीमपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान लड़की हूं लड़ सकती हूं जैसे अभियानों की शुरुआत और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सक्रिय रहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सियासी तस्वीर से गायब हैं। प्रचार के दौरान पीड़ितों से मुलाकात, सियासी कार्यक्रमों में मौजूदगी देने वाली प्रियंका ने विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने

के बाद से राज्य का दौरा नहीं किया है। इतना ही नहीं अजय कुमार लल्लू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश कांग्रेस अपने नए प्रमुख की भी बाट जोह रही है। सोशल मीडिया पर भी प्रियंका की सक्रियता कम ही है। पूरे जोश के साथ प्रचार के बाद कांग्रेस ने राज्य की 403 सीटों पर लड़ने का फैसला किया था, लेकिन कुल 2 ही सीट हासिल कर सकी। कहा जा रहा है कि राज्य में यह कांग्रेस का सबसे बुरा चुनावी प्रदर्शन था। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी लोगों का कहना है कि वे बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहे थे और ऐसी हार का अनुमान नहीं लगाया था, जो 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर असर डाल सकती है। में लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के बाद उन्हें सीतापुर गेस्टहाउस में पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। हालांकि, बाद में राज्य सरकार ने उन्हें पीड़ित परिवारों से मिलने की अनुमति दे दी थी। कांग्रेस महासचिव ने 40 फीसदी टिकट महिला उम्मीदवारों को देने की घोषणा के साथ भी काफी सुर्खियां बटोरी थी। प्रियंका की गैर मौजूदगी का असर राज्य में कांग्रेस पर नजर आ रहा है। कुशीनगर जिले की तमकु राज से बुरी तरह हारने वाले लल्लू भी पद छोड़ने चुके हैं। हालांकि, कांग्रेस का एक वर्ग इस उम्मीद में है कि राज्य में पार्टी फिर खड़ी हो सकती है।

केंद्र की सोच हैं, मुस्लिम बहुमत राज्य है, इसलिए लोग मरते हैं, तब मरने दो : महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की भाजपा सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र की नीतियों की वजह से कश्मीर में हालात खराब हैं। दरअसल, महबूबा ने आतंकवादी हमले में मारी गई टीवी अभिनेत्री अमरीन भट के परिजनों से मुलाकात की। पीडीपी प्रमुख महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बेगुनाहों का खासकर कश्मीरियों का खून बहाना रोज का मामूल बन गया है और जो सरकार है, वह ज्यों की त्यों है। उनकी जो नीति है, वहां दबाव की नीति है, जिसका नतीजा है, कि जम्मू-कश्मीर में हालात बेहतर होने की जगह और बिगड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पूरी दुनिया में चिल्लाते फिरते हैं कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक है, यहां कुछ ठीक-ठाक नहीं हुआ है। जो भाजपा सरकार है, वहां इस मजहब के आधार पर देख रही है कि मुस्लिम बहुमत राज्य है, इसलिए लोग मरते हैं, तब मरने दो। गौरतलब है कि बडगाम जिले के चादूरा इलाके में आतंकवादियों ने टीवी अभिनेत्री अमरीन भट के घर में घुसकर उन पर गोलियां दागी थी।

आईएसआईएस सरगना अबू हसन अल-हशीमी अल-कुरैशी को इस्तांबुल में गिरफ्तार किया गया

अंकारा। वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के सरगना अबू हसन अल-हशीमी अल-कुरैशी को तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में गिरफ्तार किया गया है। अबू हसन आईएसआईएस का तीसरा मुखिया है। इस साल फरवरी में आतंकी संगठन के दूसरे मुखिया अबू इब्राहिम अल-कुरैशी की मौत के बाद उस आतंकी संगठन का नया सरगना घोषित किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अबू हसन को उसके ठिकाने से लंबे-चौड़े सर्विलांस ऑपरेशन के बाद पकड़ा गया। इस ऑपरेशन को बहुत ही गुप्त तरीके से चलाया गया। पुलिस की तरफ से भी कोई गोलीबारी नहीं हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले दिनों में तुर्की राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगान इस हाई प्रोफाइल गिरफ्तारी का ऐलान करने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, खुफिया एजेंसियां इस व्यक्ति पर काफी दिन से नजर रखे थीं। पहचान पुख्ता होने के बाद अबू हसन को गिरफ्तार किया गया। इस व्यक्ति की गिरफ्तारी की सूचना राष्ट्रपति को दे दी गई है। रिपोर्ट्स में इराक के इंटेलिजेंस सूत्रों के हवाले से बताया गया है, कि अबू हसन अल-हशीमी अल-कुरैशी आईएसआईएस के पहले सरगना अबू बक्र अल-बगदादी का भाई है। अबू हसन अल-हशीमी अल-कुरैशी को अब्दुल्ला कर्दश के नाम से जाना जाता है। उसका जन्म मोसुल से 20 मील दूर स्थित माहलाबिया में हुआ था। उसका असली नाम आमिर मुहम्मद सईद अल-सलीबी अल-मावला है। कुरैशी का जन्म 1976 में हुआ था। सात भाइयों में वहां सबसे छोटा है, उसकी नौ बहनें भी हैं। साल 2008 में अमेरिकी सेना ने मोसुल से गिरफ्तार कर लिया था। तब उसे एक डिटेंशन सेंटर में लंबे समय तक रखा गया। उससे लंबी-चौड़ी पूछताछ की गई। पूछताछ में वहां यही बताता रहा कि वहां आईएसआईएस में शामिल नहीं हुआ था, बल्कि उस जज के तौर पर नियुक्त किया गया था। गिरफ्तारी के कुछ साल बाद उसे रिहा कर दिया गया था। रिहाई के बाद अबू हसन आईएसआईएस में और बड़ी भूमिका निभाने लगा था।

खास खबर

केंद्रीय मंत्री नारायण राणे मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती

मुंबई। महाराष्ट्र की उद्धव सरकार के खिलाफ अक्सर तीखे तेवर दिखाने वाले वरिष्ठ नेता नारायण राणे की सेहत को लेकर बड़ी खबर सामने आई। केंद्रीय मंत्री राणे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें कोरोनरी एंजियोग्राफी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। केंद्रीय मंत्री राणे की शुक्रवार सुबह लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई और अब वह ठीक हो रहे हैं, उनके डॉक्टरों ने पुष्टि की। अस्पताल ने कहा कि राणे को दो स्टेंट की जरूरत है, जिनमें से एक को आज डाला गया और दूसरे को बाद में लगाया जाएगा। कोरोनरी एंजियोग्राफी, या हृदय की रक्त वाहिकाओं का एक्स-रे, पहले सर्जरी से पहले किया गया था। अस्पताल ने बताया कि एंजियोप्लास्टी डॉ कलारिकल मैथ्यू द्वारा की गई थी। यह पहली बार नहीं है जब राणे की एंजियोप्लास्टी हुई है। 2009 में भाजपा नेता ने अपनी धमनियों में रुकावट के कारण सीने में दर्द की शिकायत के बाद एंजियोप्लास्टी की गई थी। तब भी उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वाहन के गहरी खाई में गिरने से महाराष्ट्र के तीन श्रद्धालुओं की मौत

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के बड़कोट क्षेत्र में वाहन के गहरी खाई में गिरने से वाहन सवार महाराष्ट्र के तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई और 10 अन्य घायल हो गए। वाहन सवार श्रद्धालु महाराष्ट्र के भंडारा जिले के तुनसार और नागपुर जिले के रहने वाले थे और यमुनोत्री धाम जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने अत्यंत विषम परिस्थितियों व रात के अंधेरे में बचाव एवं राहत कार्य चलाया। वाहन में कुल 13 लोग सवार थे, जिसमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार बच्चों सहित 10 अन्य घायल हो गए। घायलों को खाई से निकाल कर मुख्य मार्ग तक पहुंचकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतकों की शिनाख्त मुंबई के अंधेरी के पूरणनाथ, भंडारा जिले की जयश्री (23) और अशोक (40) के रूप में की गई है।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकल की गाडियां

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में आग लग गई है। इस आग की घटना की जानकारी होते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंच गई है। आग लगने से अस्पताल के आस-पास अफरा-तफरी का माहौल है। दिल्ली में इस साल आग लगने की घटना के कई मामले सामने आए हैं। सफदरजंग अस्पताल में लगी आग को लेकर दिल्ली अग्निशमन विभाग ने कहा कि अस्पताल में एक इन्वर्टर में आग लग गई थी और अब आग पर काबू पा लिया गया है। इसके साथ ही आज शुक्रवार को दिल्ली के गुरु अंगद नगर पूर्व के पास एक अस्पताल में भी आग लगी थी। इस घटना को लेकर दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। इस घटना को लेकर अग्निशमन विभाग का कहना है कि अब आग पर काबू पा लिया गया है। दिल्ली में इस साल लगभग हर तीसरे आग की घटना की खबरे सामने आ रही है। दिल्ली के छतरपुर इलाके में गुरुवार को रसोई गैस सिलेंडर फटने से आग लगी थी जिससे तीन लोग घायल हो गए। इसके साथ ही दिल्ली के मुंडका में एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 26 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

भारत ड्रोन महोत्सव में मेक इन इंडिया की प्रगति देख गदगद हुए पीएम मोदी

ड्रोन उभरती हुई इंडस्ट्री लाखों रोजगार पैदा करेगी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में शुक्रवार को भारत ड्रोन महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ड्रोन प्रदर्शनी का अवलोकन कर मेक इन इंडिया' की प्रगति देखकर बहुत खुश हुए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आप सभी को भारत ड्रोन महोत्सव के आयोजन के लिए मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज इस ड्रोन प्रदर्शनी से मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। मेरे लिए आज बहुत सुखद अनुभव रहा। जिन-जिन स्टॉल में मैं आज गया, वहां सभी लोग बहुत गर्व से कहते थे कि ये मेक इन इंडिया हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि ड्रोन तकनीक को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह अद्भुत है। यह जो ऊर्जा नजर आ रही है, वह भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। यह भारत में रोजगार सृजन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। उन्होंने कहा कि 'मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम

गवर्नेंस' के रास्ते पर चलते हुए, ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को हमने प्राथमिकता बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उत्सव सिर्फ तकनीक का नहीं है, बल्कि नए भारत की नई गवर्नेंस का, नए प्रयोगों के प्रति अभूतपूर्व सकारात्मकता का उत्सव भी है। आठ वर्ष पहले यहीं वह समय था, जब भारत में हमने सुशासन के नए मंत्रों को लागू करने की शुरुआत की थी। हमारे वहां ये मान लिया गया था कि तकनीक सिर्फ अमीर लोगों का कारोबार है, सामान्य लोगों की जिंदगी में इसका कोई स्थान नहीं है। इस पूरी मानसिकता को बदलकर हमने तकनीक को सर्वजन के लिए सुलभ करने से संबंधित अनेक कदम उठाए हैं और आगे भी उठाने वाले हैं। पीएम मोदी ने कहा, कि पहले की सरकारों के समय तकनीक को समस्या का हिस्सा समझा गया। उसको एंटी-पूअर साबित करने की कोशिशें हुईं। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में तकनीक के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान देश के गरीब को हुआ, वंचित को हुआ, मिडिल क्लास को हुआ। पहले के समय में लोगों को घंटों तक अनाज, कैरोसीन, चीनी के लिए लाइन लगानी होती थी। लोगों को डर रहता था कि उनके हिस्से का सामान उन्हें मिल भी पाएगा या नहीं। आज तकनीक की मदद से हमने इस डर को समाप्त कर दिया है।

टीवी अभिनेत्री अमरीन भट का बदला पूरा, दोनों आतंकी हत्यारे मुठभेड़ में ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने टीवी अभिनेत्री अमरीन भट के आतंकी हत्यारों को 24 घंटे में ढेर कर दिया है। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार के हवाले से बताया कि टीवी कलाकार अमरीन भट की जघन्य हत्या में सं?लिप्त आतंकवादी एनकाउंटर में ढेर कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में बीते 3 दिनों में जैश-ए-मोहम्मद के 3 और लश्कर-ए-तैयबा के 8 समेत कुल 11 आतंकवादी मारे गए हैं।

पुलवामा के अवंतीपोरा में गुरुवार देर रात सुरक्षाबलों की कुछ आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें 2 आतंकी ढेर हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक ये दोनों वही आतंकी हैं, जिन्होंने अमरीन भट की हत्या की थी। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमान ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादियों

की पहचान शाहिद मुश्ताक भट और फरहान हबीब के रूप में हुई है। इन्होंने लश्कर-ए-तैयबा कमांडर लतीफ के निर्देश पर टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट की के खिलाफ वारदात को अंजाम दिया था। दोनों हाल ही में आतंकी संगठन में शामिल हुए थे।

पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों के पास से 1 एके-56 राइफल, 4 मैगजीन और एक पिस्तौल बरामद की गई है। वहीं श्रीनगर के सौरा इलाके में मुठभेड़ में मारे गए लश्कर के 2 आतंकवादियों की पहचान शाकिर अहमद वाजा और आफरीन आफताब मलिक के रूप में हुई है। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। आतंकियों का निशाना बनीं अमरीन भट टीवी एक्ट्रेस होने के साथ सोशल मीडिया स्टार थीं। देश में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगने से पहले वह इस प्लेटफॉर्म पर अपने वीडियो को लेकर काफी मशहूर थीं। बडगाम के चदूरा में बुधवार को आतंकवादियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमरीन भट के बहनोई जुबैर अहमद ने बताया कि रात करीब 8 बजे, घर पर 2 लोग आए और उन्होंने अमरीन भट (29) को बुलाया कि एक जगह शूटिंग पर चलना है। जैसे ही अमरीन घर से बाहर निकली, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

केदारनाथ यात्रियों को पीठ पर बिठाकर ले जाने वाले घोड़े-खच्चरों की आई शामत, 16 दिन में 59 की मौत

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले घोड़े-खच्चरों की कद्र नहीं की जा रही है। इनके लिए न खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की जाती है, और रहने की। केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के मरने के बाद उनके मालिक उन्हें वहीं पर फेंक देते हैं, जो सीधे मंदाकिनी नदी को प्रदूषित करते हैं।

ऐसे में केदारनाथ क्षेत्र में महामारी फैलने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं, अभी तक एक लाख 25 हजार तीर्थयात्री घोड़े-खच्चरों से अपनी यात्रा कर चुके हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्री हेलीकॉप्टर और पैदल चलकर धाम पहुंचे हैं। समुद्रतल से 11750 फिट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ तक पहुंचने के लिए बाबा केदार के भक्तों को 18 से 20 किमी की दूरी तय करनी होती है। इस दूरी में यात्री को धाम पहुंचाने में घोड़ा-खच्चर अहम भूमिका निभाते हैं। इन जानवरों के लिए भरपेट चना, भूसा और गर्म पानी भी नहीं मिल पा रहा है। तमाम दावों के बावजूद पैदल मार्ग पर एक भी स्थान पर घोड़ा-खच्चर के लिए गर्म पानी नहीं है। दूसरी तरफ,

संचालक और हॉकर रुपए कमाने के लिए घोड़ा-खच्चरों से एक दिन में गौरीकुंड से केदारनाथ के 2 से 3 चक्कर लगवा रहे हैं और रास्ते में उन्हें पलभर भी आराम नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण वह थकान से चूर-चूर होकर दर्दनाक मौत का शिकार हो रहे हैं। आंकड़े बताने के लिए काफी हैं कि केदारनाथ की रीढ़ कहे जाने वाले इस जानवर की कितनी सुध ली जा रही है। सिर्फ 16 दिनों में 55 घोड़ा-खच्चरों की पेट में तेज दर्द उठने से मौत हो चुकी है, जबकि 4 घोड़ा-खच्चरों की गिरने से और एक की पत्थर की चपेट में आने से मौत हुई है।

दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी और रॉयल्स में हुई टक्कर

अहमदाबाद । आईपीएल के 15 वें सत्र में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी। लखनऊ जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में मिली जीत से आरसीबी उत्साहित है और अब उसका लक्ष्य खिताबी मुकाबले में जगह बनाना रहेगा। वहीं दूसरी ओर पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस से मिली करीबी हार को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स की टीम इस मैच को जीतकर फाइनल में जगह बनाने उतरेगी। ऐसे में इस मैच के रोमांचक होने के आसार हैं क्योंकि दोनो ही टीमें जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।

आरसीबी की टीम इस सत्र में खेल से अधिक किस्मत के सहारे प्लेऑफ में पहुंची है और अब उसका लक्ष्य पहले बार यह खिताब जीतना रहेगा। आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली फार्म में आ गये हैं।

विराट ने कहा ,'' अहमदाबाद में फिर खेलने को लेकर बेताब हैं। हम अब तक के अपने प्रदर्शन से खुश हैं। उम्मीद है कि दो मैच और जीतकर खिताबी जीत का जश्न मनाएंगे।'' वहीं एलिमिनेटर में नाबाद शतक लगाकर आरसीबी को जीत दिलाने वाले रजत पाटीदार राजस्थान के खिलाफ भी बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। आईपीएल मेगा नीलामी में किसी टीम ने रजत को नहीं खरीदा था। इसके बाद वह वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में आरसीबी का हिस्सा बने और उनकी एक पारी ने मैच बदल दिया। विराट और कप्तान फाफ डु प्लेसी से भी टीम को बेहतर प्रदर्शन

की उम्मीद रहेगी। पिछले मैचों में कम स्कोर के बाद अब यह दोनो ही बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। वहीं 'फिनिशर' के तौर पर दिनेश कार्तिक अपने को साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास वानिंदु हसरंगा , हर्षल पटेल जैसे शानदार गेंदबाज है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी पिछले मैच में प्रभावित किया था। वहीं डैथ ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले जोश हेजलवुड को खेलना राजस्थान के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। वहीं दूसरी ओर राजस्थान के पास जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन जैसे बल्लेबाज हैं। बटलर और सैमसन पर अंकुश लगाना आरसीबी के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती रहेगा। इन दोनो ने ही एलीमिनेटर मुकाबले में जबरदस्त बल्लेबाजी की थी हालांकि वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। सैमसन इस मैच में कप्तानी पारी खेलना चाहेंगे। उसके गेंदबाजों को पिछले मैच की गलतियों को भूलकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीम के पास गेंदबाजी में अनुभवी आर अश्विन, कुलदीप यादव के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और ट्रेंट बोल्ट हैं।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन , करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गढ़वाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रेस वान डेर डुसेन, डेरिल मिशेल और कोरबिन बॉश।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर: विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

न्यूज़ ट्रैक....

राहुल चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

कोलकाता । लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। राहुल आईपीएल के चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। इस दौरान राहुल ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। राहुल ने आईपीएल 2022 सत्र के 15 मैचों में 661 रन बनाए हैं। इससे पहले राहुल ने साल 2021 संस्करण के 13 मैचों में 626 रन जबकि 2020 सत्र के 14 मैचों में 670 रन और आईपीएल लीग के 2018 वे संस्करण में 659 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले गेल और वार्नर ने तीन अलग-अलग सत्रों में आईपीएल में 600 से अधिक रन बनाए हैं और अब वह इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। आरसीबी की ओर से खेलते हुए गेल ने लगातार तीन साल (2011, 2012, 2013) में 600 बनाये थे , वहीं दूसरी ओर वार्नर ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान के रूप में 2016 से 2019 तक लगातार तीन सत्र में 600 से अधिक रन बनाये थे।

श्रीशंकर को अंतरराष्ट्री जंपिंग में स्वर्ण

नई दिल्ली । भारत के मुरली श्रीशंकर ने यूनान में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता है। लंबी कूद एथलीट श्रीशंकर के नाम 8.36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वहीं स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8.27 मीटर की छलांग लगायी और उन्हें रजत पदक मिला जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला है। इस दौरान केवल तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल पाये। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की छलांग लगाई।% ओलंपिक के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे श्रीशंकर ने अभ्यास के दौरान 7.88 और 7.71 मीटर की छलांग लगाई थी। इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की छलांग लगाई थी।

बांग्लादेशी स्पिनर पर 25 फीसदी जुर्माना

ढाका । बांग्लादेश के स्पिनर ताइजुल इस्लाम पर फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगा है। ताइजुल पर यह जुर्माना श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए लगा है। मैच रैफरी ने ताइजुल को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से संबंधित आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया है। यह मामला अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी की ओर या उसके करीब गलत या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने से जुड़ा है। इसी कारण जुर्माने के साथ ही ताइजुल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक भी जुड़ गया है। यह मामला श्रीलंकाई पारी के 69वें ओवर का है। जब ताइजुल ने गेंद को रोका और इसे एंजेलो मैथ्यूज की ओर फेंक दिया जिससे यह क्रीज पर खड़े मैथ्यूज को लगी। इस मामले में ताइजुल ने अपराध स्वीकार करने के अलावा आईसीसी के मैच रैफरी के एलीट पैनल के क्रिस ब्रॉड की प्रस्तावित सजा भी स्वीकार कर ली इसलिए इस मामले में औपचारिक सुनवाई नहीं हुई।

इन्दौर गौरव दिवस टेनिस एवं स्कैश टूर्नामेंट शुरू

ध्रुव, विशाल, अवनि व चित्रांगदा दूसरे दौर में पहुंचे

इन्दौर । इन्दौर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में इन्दौर टेनिस क्लब में टेनिस एवं स्क्वैश स्पर्धा खेली जा रही है। ध्रुव सोनी, विशाल चौधरी, लवराज पाहवा, अनवि पालोद, चित्रांगदा जैन व वेदेही शुक्ला अपने-अपने मुकाबले जीतकर ने टेनिस स्पर्धा के अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं बेंजामिन रिचर्ड व शौर्य मेहता स्क्वैश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे।

टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-14 बालक एकल में ध्रुव सोनी ने आरूष खण्डेलवाल को 6-0, विशाल चौधरी ने रूद्राक्ष बजाज को 6-0 तथा लवराज पाहवा ने रहस्य नहरी 6-0 से परास्त किया। वहीं अंडर-14 बालिका एकल अनवि पालोद ने रिशीना त्रिपाठी को 6-4 से, चित्रांगदा जैन ने आयरा लोदी को 6-1 से तथा वेदेही शुक्ला ने आदरिका चौकसे को 6-3 से शिकस्त दी। पुरूष युगल में सेतु पाण्डे-अनुपम वर्मा ने विनीत गर्ग-लोकेश वागजेयी की जोड़ी को 7-3 से तथा विजय नियाती-देवाशीष डे की जोड़ी ने शरद जैन-सलिल मजुमदार को 7-3 हराया।

बेंजामिन व शौर्य स्क्वैश स्पर्धा के अगले दौर में

स्क्वैश स्पर्धा में अंडर-15 बालक एकल में बेंजामिन रिचर्ड ने अनय मेहता को 11-1, 11-1 से तथा शौर्य मेहता ने अंश अग्रवाल को 11-3, 11-5 से परास्त किया। स्क्वैश के पुरूष युगल में कुंज बंसल-सार्थक टोंगिया की जोड़ी ने दिव्यांश नागर-सम्यक व्यास को 15-6, 15-5 से तथा अशंकुमार केड़िया-वेदांत बहेती ने आकाश बनोधा-अनंत रतनापाल को 15-11, 15-9 से हराया। गुरूवार को स्पर्धा का शुभारंभ मप्र ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व विधायक रमेश मैंदोला के मुख्य आतिथ्य तथा मप्र टेटे संघ के अध्यक्ष ओम सोनी के विशेष आतिथ्य में हुआ।

अनुबंध नहीं मिलने से नाराज महिला क्रिकेटर एमी ने संन्यास लिया

क्राइस्टचर्च । सालाना अनुबंध नहीं मिलने से नाराज न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान एमी सैटरथवेट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की घोषणा कर दी है हालांकि वह घरेलू क्रिकेट खेलती रहेंगी। साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाली एमी ने अपने 15 साल लंबे करियर में न्यूजीलैंड की ओर से 111 टी20 और सबसे ज्यादा 145 एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं।

साल 2018-19 में न्यूजीलैंड की कप्तान रही एमी कैंटरबरी मजीशियन्स की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलती रहेंगी। इसके अलावा वह अगस्त में होने वाले 'वुमेन्स हंड्रेड% टूर्नामेंट में भी मैनचेस्टर ओरिजिनल की ओर से खेलेंगी।

एमी ने कहा, 'मैं बेहद खुशी होकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कर रही हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के नई दिशा में बढ़ने और युवा खिला?ियों को अनुबंध दिये जाने के बाद मेरे लिए खेलना जारी रखना संभव नहीं था।% साथ ही कहा, 'मैं अनुबंध न मिलने के कारण निराश हूं और मेरा मानना है कि मैं अभी टीम हित में और योगदान दे सकती थी। फिर भी, मैं न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के निर्णय को मैं स्वीकार करती हूं और आगामी क्रिकेट सत्र के लिए टीम को शुभकामनाएं देती हूं। मैं उनका लगातार समर्थन करती रहूंगी।

न्यूजीलैंड महिला टीम की ओर से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली एमी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में सात शतक और 27 अर्ध-शतकों सहित 38.33 की औसत से 4,639 रन बनाए हैं। उन्होंने एकदिवसीय मुकाबलों में 50 विकेट भी लिए। इस खिलाड़ी ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर में 1784 रन बनाए हैं।

एशिया कप : भारतीय हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 16-0 से हराकर सुपर-2 में जगह बनायी

जकार्ता । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां खेले जा रहे एशिया कप हॉकी के अपने आखिरी पूल ए मुकाबले में इंडोनेशिया को 16-0 से हराकर सुपर-2 में प्रवेश किया है। वहीं इसी के साथ ही पाकिस्तान की टीम बाहर हो गयी। भारत ओर पाक दोनो के ही समान अंक थे पर भारतीय टीम ने अंतिम मैच में अधिक गोल किये थे इस कारण बेहतर गोल अंतर (1) के कारण उसे नॉक आउट में प्रवेश मिला। भारत के साथ एशिया कप सुपर-4 में जापान, साऊथ कोरिया और मलेशिया की टीम भी पहुंच गई है। वहीं इस हार के साथ ही पाक टीम विश्व कप 2023 से भी बाहर हो गयी है।

भारतीय टीम ने एशिया कप में अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ खेला था जो बराबरी पर रहा था। इस मुकाबले में पाक टीम ने अंतिम मिनट में गोल कर मुकाबला ड्रॉ पर रोक दिया था। इसके बाद दूसरे मैच में भारत को जापान के हाथों 5-2 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं इसके बाद जापान ने पाक को 3-2 से हरा दिया , ऐसे में भारतीय टीम ने अंतिम लीग मुकाबले में बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज कर नाकआउट में जगह बनायी। पूल-ए में भारत और पाकिस्तान दोनों के चार-चार अंक रहे और दोनों जापान से पीछे रहे।

भारत की ओर से दिग्गज दिपसान टिर्की ने सबसे ज्यादा पांच गोल दागे । दिपसान ने (42%, 47%, 59%, 59%) मिनट में ये

गोल किय जबकि युवा सुदेव बेलिमागा ने (45%, 46%, 55%) मिनट में तीन गोल कर जीत में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों के अलावा अनुभवी एसवी सुनील ने(19%, 24%), पवन राजभर ने 10%, 11 और कार्ति सेलवम ने (40%, 56%) मिनट में दो-दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह ने (14%), और नीलम संदीप सेस ने 20 वें मिनट में एक-एक गोल दागा। दौरे पर %बी% टीम के साथ पहुंचे भारत के लिए नॉकआउट राउंड में पहुंचने के लिए जरुरी था कि वह इंडोनेशिया को कम से कम 15 गोल के अंतर से हराए। युवा भारतीय टीम ने शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। परिणाम हुआ कि हाफ टाइम तक भारतीय टीम 6-0 से आगे थी। गत चैंपियन टीम ने दूसरे हाफ में बढ़े मनोबल के साथ शुरुआत की और तीसरे क्वॉर्टर में चार और गोल कर इसे 10-0 कर दिया। चौथे क्वॉर्टर में भारतीय खिलाड़ियों की तेजी देखते ही बनी।

व्यापार न्यूज

2 माह के शीर्ष पर पहुंचकर नीचे आया कच्चा तेल

नई दिल्ली । अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में शुक्रवार को कुछ गिरावट देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर 11 सेंट्स गिरकर 117.29 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर 19 सेंट्स गिरकर 113.90 डॉलर प्रति डॉलर पर पहुंच गए। वैश्विक आपूर्ति में बाधा के कारण इससे पिछले एशियाई कारोबारी सत्र में कच्चा तेल अपने 2 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। इस साल अब तक कच्चे तेल की कीमतों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं, ओपेक देशों ने पश्चिमी देशों की कच्चे तेल का उत्पादन तेजी से बढ़ाने की मांग को नकार दिया है। ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपेक) अपने पिछले साल के प्रोडक्शन टारगेट पर ही कायम रहेंगे और जुलाई के लिए आउटपुट टारगेट को बढ़ाकर 4,32,000 बैरल प्रतिदिन करने करेंगे। उधर, यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंध का प्रस्ताव पेश किया है। हालांकि, संघ ने कहा है कि यह तभी कारगर होगा जब उसके सभी 27 सदस्य इस पर सहमत होंगे। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, मुबंई में 111.35 रुपये, कोलकाता में 106.0 रुपये और चेन्नई में 102.63 रुपये प्रति लीटर की कीमत पर बिक रहा है। बात डीजल की करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में इसकी कीमत क्रमश- 89.62 रुपये, 97.28 रुपये, 92.76 रुपये और 94.24 रुपये प्रति लीटर है। बड़े शहरों में पेट्रोल और डीजल की सबसे अधिक कीमत मुबंई में है।

सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली । सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी आई है। आज सुबह से ही सोने की कीमतें बढ़ते हुए 51 हजार के करीब पहुंच गयीं जबकि चांदी का भाव 62 हजार के ऊपर बना हुआ है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 24 कैरेट सोने का वायदा भाव 60 रुपये तेजी के साथ 50,931 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 50,952 पर खुला और इसकी मांग भी बढ़ी सोने की ही तरह ही चांदी की वायदा कीमतों में भी उछाल दर्ज किया गया। एमसीएक्स पर सुबह चांदी का वायदा भाव 319 रुपये बढ़कर 62,112 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया। इससे पहले चांदी 61,980 रुपये के भाव पर खुली। मांग बढ़ने से जल्द ही इसके भाव में तेजी आती गई और यह 0.54 फीसदी उछाल के साथ 62 हजार के ऊपर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी बाजार में सुबह सोने का हाजिर भाव 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 1,854.19 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया जबकि चांदी की हाजिर कीमत 22.1 डॉलर प्रति औंस रही। दुनिय भर के बाजारों में भी पिछले कुछ सत्रों से सोने-चांदी की कीमत में गिरावट देखी जा रही थी।

जून तक नहीं लगेगी जीएसटी रिटर्न पर लेट फीस, छोटे कारोबारियों को केंद्र का तोहफा

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों छोटे कारोबारियों को बड़ा तोहफा दिया है। कंपोजीशन स?कीम के तहत रजिस्टर्ड कारोबारियों को पिछले वित्तवर्ष का सालाना रिटर्न दाखिल करने में देरी पर लेट फीस नहीं देनी होगी। इन कारोबारियों को दो महीने की लीट फीस भरने से छूट दी गई है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि वित्तवर्ष 2021-22 का अंतिम सालाना रिटर्न जीएसटीआर-4 दाखिल करने में देरी करने पर मई और जून का विलंब शुल्क नहीं लिया जाएगा। सीबीआईसी के अनुसार, कंपोजीशन स्कीम के तहत रजिस्टर्ड छोटे कारोबारी 1 मई से 30 जून तक कोई लीट फीस नहीं देंगे। जीएसटीआर-4 सिर्फ कंपोजीशन स्कीम में शामिल छोटे कारोबारी ही दाखिल करते हैं। जीएसटी कानून के तहत रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-4 भरने में देरी करने पर कारोबारियों को 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लेट फीस देनी होती है। जिन मामलों में कारोबारी पर टैक्स की देनदारी शून्य होती है, वहां अधिकतम 500 रुपये की लेट फीस दी जाती है। अन्य सभी मामलों में अधिकतम लेटी फीस 2,000 रुपये होती है। फिलहाल नया आदेश आने के बाद मई और जून के लिए इस लेट फीस से छूट रहेगी। जीएसटी कंपोजीशन स्कीम उन कारोबारियों के लिए होती है, जिनका सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ रुपये से कम रहता है। पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए टर्नओवर की यह सीमा 75 लाख रुपये होती है। इस योजना के तहत कारोबारियों को महज 1 फीसदी जीएसटी भरना पड़ता है। हालांकि, रेस्तरां मालिकों के लिए यह सीमा 5 फीसदी है, जबकि अन्य सेवा प्रदाताओं को कंपोजीशन स्कीम में भी 6 फीसदी जीएसटी भरना पड़ता है।

जीएसटी कंपोजीशन स्कीम अपनाने के लिए सामान्य कारोबारियों को जहां 1.5 करोड़ की लिमिट दी गई है, वहीं पूर्वोत्तर और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के कारोबारियों के लिए यह लिमिट 75 लाख रुपये है। हालांकि, सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों को महज 50 लाख की लिमिट दी गई है। अगर कोई कारोबारी सामान्य बिजनेस के साथ सेवा से जुड़ा कारोबार भी करता है, तो उसे सेवा क्षेत्र से मिली कुल राशि का 10 फीसदी अपने अन्य कारोबार में शामिल कर कंपोजीशन स्कीम का लाभ उठाने की छूट मिलेगी। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के सीनियर पार्टनर रजत मोहन का कहना है कि सरकार की ओर से जीएसटीआर-4 दाखिल करने में होने वाली देरी पर लेट फीस खत्म किया जाना स्वागत योग्य कदम है। इससे छोटे कारोबारियों को बड़ी सहूलियत होगी और वे जीएसटी कंप्लायंस से जुड़े नियमों को मानने के लिए प्रोत्साहित भी होंगे।

गेहूं और चीनी के बाद चावल के निर्यात पर बैंन लगा सरती है सरकार

नई दिल्ली । रूस और यूक्रेन के बीच 3 महीने से ज्यादा समय से छिड़ी लड़ाई के कारण दुनिया भर में अभूतपूर्व खाद्य संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बाद कई देश घरेलू बाजार में खाने-पीने की चीजों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए निर्यात पर पाबंदियां लगा रहे हैं। गेहूं और चीनी का निर्यात रोक भारत पहले ही सूची का हिस्सा बन चुका है। अब मोदी सरकार चावल के निर्यात पर भी पाबंदियां लगाने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री कार्यालय घरेलू बाजार में खाने-पीने की चीजों के दाम को नियंत्रित रखने के लिए उत्पाद-दर-उत्पाद आधार पर आकलन कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि पांच जरूरी उत्पादों के निर्यात पर पाबंदियां लगाने की तैयारी चल रही है। इसमें से दो प्रॉडक्ट गेहूं और चीनी के निर्यात पर पाबंदियां लग चुकी हैं। आने वाले समय में जिन उत्पादों के निर्यात पर पाबंदी लगाने की योजना है, उनमें गैर-बासमती चावल भी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि गैर-बासमती चावल के मामले में उसी तरह की पाबंदी लग सकती है, जैसी चीनी के मामले में लगाई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, महंगाई को उच्च स्तर से हैंडल किया जा रहा है। कीमतों की निगरानी करने वाली समिति हर सामान को लेकर बैठक कर क्या एक्शन लिया जाए, इस बारे में विचार कर रही है। सूत्र ने बताया कि चावल पर भी चीनी की तरह पाबंदी लग सकती है। चीनी के मामले में सरकार ने निर्यात पर 20 लाख टन का कैप लगाया है। भारत दुनिया में चावल का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। चावल का निर्यात करने के मामले में भारत से आगे सिर्फ चीन है। भारत ने 2021-22 में 150 से ज्यादा देशों को चावल का निर्यात किया था। इस दौरान भारत ने गैर-बासमती चावल के निर्यात से एग्री कमॉडिटीज में सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा की कमाई की। चूंकि अभी ज्यादातर देश अनाजों के मामले में इनवार्ड पॉलिसी अपना रहे हैं, भारत भी चाहता है कि पहले घरेलू जरूरतों को पूरा करे और इसके बाद पड़ोसी देशों के साथ उन देशों को चावल का निर्यात किया जाए, जो बेहद जरूरतमंद हैं।

शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला

मुम्बई । मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ खुला है। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन सुबह बाजार खुलते ही इसमें तेजी आने लगी। दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही निवेशकों की अच्छी खरीददारी से भी बाजार ऊपर आया है। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह करीब चार सौ से ज्यादा अंकों की बढ़त के साथ ही 54,672 पर खुला जबकि पचास शेयरों वाला निफ्टी 27 अंकों की बढ़त के साथ ही 16,297 पर खुला। इसके बाद भी खरीददारी का जोर रहने से बाजार में ऊपर जाता रहा। निवेशकों ने शुरुआती कारोबार में ही अपोलो अस्पताल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिन्द्रा , हिंडाल्का, इंफोसिस, इंडसलैंड बैंक, बजाज टिविंस, मारुति, भारती एयरटेल, विप्रो, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों पर जमकर पैसा लगाया। इससे बाजार तकरीबन फीसदी ऊपर आया।

वहीं दूसरी ओर ओएनजीसी, एशियन पेंटस, बीपीसीएल, एनटीपीसी, पावर ग्रिड कारपोरेशन , ब्रिटेनिया, सन फार्मा और डॉ रेड्डी के शेयरों में बिकवाली से से नीचे आये हैं। वहीं बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर बढ़त रही। सुबह कारोबार शुरु होते ही आईटी क्षेत्र में जबरदस्त तेजी आई। इसके अलावा निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल, ऑटो, मीडिया, मेटल और पीएसबी क्षेत्र में भी एक फीसदी तेजी आई। एस्ट्राजेनेका और मुत्थूट फाइनेंस के शेयर गिरे हैं।

एशियाई बाजारों में तेजी

टोक्यो । दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के कारण एशियाई बाजारों में शुक्रवार को तेजी आई है। एशियाई बाजार में अधिकतर जगह उछाल के साथ कारोबार की शुरुआत हुई है।सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.55 फीसदी की बढ़त रही है जबकि जापान के निक्केई में भी 1.03 फीसदी की बढ़त रही है। वहीं दक्षिण कोरिया के स्टॉक एक्सचेंज पर भी 1.08 फीसदी का उछाल आया है जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 फीसदी नीचे आने के कारण नुकसान के साथ ही लाल निशान पर कामकाज कर रहा था।

यूजर का टाटा लीक होने पर ट्विटर पर लगा 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना

न्यूयॉर्क । माइक्रो ब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर ो बड़ा झटका लगा है। यूजर का टाटा लीक होने पर कंपनी पर 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना ठोका गया है। पिछले करीब छह साल की अवधि में यूजर के आंकड़े गोपनीय न रख सकने की वजह से ट्विटर को 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना देना पड़ेगा। इसके साथ ही ट्विटर यूजर के आंकड़ों की सुरक्षा के लिए नए मानक भी तैयार करेगा। न्याय विभाग और संघीय व्यापार आयोग ने बुधवार को ट्विटर के साथ वाद निपटारे की घोषणा की। रेगुलेटर्स का आरोप है कि ट्विटर ने उपयोगकर्ताओं को धोखे में रखते हुए 2011 के एफटीसी आदेश का उल्लंघन किया कि वह उनकी गैर-सार्वजनिक संपर्क जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित रखता है।

अमेरिकी सरकार ने आरोप लगाया कि मई 2013 से सितंबर 2019 तक, ट्विटर ने यूजर को बताया कि वह अकाउंट की सुरक्षा के लिए उनके फोन नंबर और ईमेल का पता इकट्ठा कर रहा था। लेकिन कंपनी यह खुलासा करने में विफल रही कि वह इस सूचना का उपयोग कंपनियों को प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को टारगेटेड ऑनलाइन विज्ञापन भेजने में सक्षम बनाने के लिए भी करेगी। रेगुलेटर्स ने बुधवार को दायर एक संघीय मुकदमे में यह भी आरोप लगाया कि ट्विटर ने झूठा दावा किया कि उसने यूरोपीय संघ और स्विट्जरलैंड के साथ अमेरिकी गोपनीयता समझौतों का अनुपालन किया है

अमेरिकी अटॉर्नी स्टेफनी हिंड्स ने कहा, 'सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा करने वाले यूजरों को यह जानने का अधिकार है कि क्या उस जानकारी का उपयोग विज्ञापनदाताओं को ग्राहकों को लक्षित करने में मदद करने के लिए किया जा रहा है।' पिछले 20 साल में फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे टॉप-10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 19 अरब एक्टिव यूजर्स हो चुके हैं। यानी 8 अरब की आबादी वाली दुनिया में औसतन हर इंसान 2 से ज्यादा प्लेटफॉर्म पर मौजूद है। इसका सबसे बा नुकसान ये है कि फेक न्यूज और हेट स्पीच फैलने की रफ्तार भी कई गुना ब गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोनाकाल में सोशल मीडिया पर फेक न्यूज 900 प्रतिशत तक ब गई। फेसबुक पर मार्च और अप्रैल 2020 में हर महीने 4-5 करो गलत सूचनाओं वाली पोस्ट की गईं और ट्विटर पर 15-20 लाख अकाउंट सिर्फ फेक न्यूज फैलाते रहे। यही नहीं, यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया की स्टडी कहती है।

एंबेसडर को नया लुक देने की कवायद

नई दिल्ली । लगभग 70 सालों तक स्टेटस सिंबल रही प्रधानमंत्री से लेकर कलेक्टर तक की पहली पसंदीदा कार एंबेसडर अब नए अवतार में उतारने की तैयारी कर रही है। हिंद मोटर फाइनेंशियल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एचएमएफसीआई) और फ्रांस की कार कंपनी पिगाट इसके डिजाइन और इंजन पर काम कर रही हैं। एंबेसेडर का नया मॉडल हिंदुस्तान मोटर्स (एचएम) के चेन्नई प्लांट में बनाया जाएगा। नए अवातर में इसे एंबी नाम से जाना जाएगा और यह अगले दो साल में सड़कों पर आ सकती है। कभी भारत की सड़कों पर एंबेसडर की तूती बोलती थी। लेकिन मारुति के आने के बाद इसका जादू कम हो गया और कई साल तक यह केवल सरकारी खरीद पर जिंदा रही।

कुब्रा सैत ने कंगना रणौत पर साधा निशाना

किसान आंदोलन को लेकर हॉलीवुड की पॉप स्टार रिहाना के ट्वीट के बाद कंगना ने भी उन्हें जवाब दिया है। इसके बाद से ही कंगना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। कंगना ने रिहाना को जैसे ही जवाब दिया, इसके बाद से सोशल मीडिया पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। इसके अलावा अलग- अलग तरह से लोग प्रतिक्रिया देने लगे। इसी बीच सेक्रेड गेम्स फेम अभिनेत्री कुब्रा सैत ने भी कंगना रणौत पर तंज कसा है। कंगना ने रिहाना को अपने अंदाज में जवाब दिया। लेकिन उनके ही साथी कलाकारों को उनकी ये तल्ख टिप्पणी पसंद नहीं आई। जिसके लिए उन्होंने कंगना का विरोध किया है। इन सेलेब्स में अभिनेत्री कुब्रा सैत का नाम भी शामिल है। कुब्रा सैत ने कंगना का नाम लिए बिना ही उनके ऊपर तंज कसा है। कुब्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए कंगना नाम लिए बिना उन पर तंज कसा। कुब्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, चीन चीन बुला बुला के बेड़ा गर्क कर दिया है! कुब्रा के इस ट्वीट में कंगना का नाम तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसमें चीन लिखा है और कंगना को ही चीन कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसे में कुब्रा का ये ट्वीट कंगना पर तंज ही माना जा रहा है। कंगना ने रिहाना के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था, कोई भी बात इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं।

चूहा बिल्ली में दो-ध्रुवीय किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

अदा शर्मा अब चूहा बिल्ली नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी, जिसमें वह दो-ध्रुवीय और डिप्रेशन की शिकार लड़की का किरदार निभाएंगी। अदा ने बताया, चूहा बिल्ली में मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जो बायपोलर है। वह डिप्रेशन में है और वह इसका अच्छी तरह से सामना नहीं कर पा रही है। मैं इस कैरेक्टर से बिल्कुल अलग हूं और इसीलिए इस कैरेक्टर ने मुझे आकर्षित किया। हमने फिल्म के लिए बहुत सारी वर्कशॉप कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक प्रसाद कदम चाहते थे कि मुझमें यह बदलाव हर कुछ सेंकेंड में नजर आए। अदा ने कहा, यानी कि वह कैरेक्टर कभी बहुत उत्साहित है और कुछ ही सेकंड में बहुत दुखी हो जाती है। वह चाहते थे कि यह बदलाव बहुत सूक्ष्म हो इसलिए यह सब कुछ आंखों में ही नजर आ जाएगा। मैं लोगों के फिल्म देखने तक का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। मैंने अब तक जो भी भूमिकाएं निभाई हैं, यह उससे बहुत अलग है।

कॉमेडी नहीं, बल्कि ड्रामा में हूं माहिर : शरमन जोशी

अभिनेता शरमन जोशी अपने फिल्मी करियर में एक्सक्यूज मी, रंग दे बसंती, गोलमाल सीरीज और 3 इडियट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है। अब ऐसे में शरमन का यह कहना कि एक कलाकार के तौर पर वह कॉमेडी में नहीं बल्कि ड्रामा में माहिर है, वाकई में हैरान कर देने वाला है। शरमन ने कहा, मुझे लगता है कि ड्रामा मुझमें स्वाभाविक रूप से है। मैं इसे अधिक सहजता के साथ कर लेता हूं। कॉलेज के नाटकों से जब मैंने एक्टिंग की शुरुआत की थी, तो मैं इसमें काफी सहज था। मुझे इसे अधिक समझना या सीखना नहीं पड़ा। कॉमेडी की जगह यह मुझे अधिक सही ढंग से करने आया। उन्होंने आगे बताया, मैं कॉमेडी में भी अच्छा था, लेकिन मुझे इसकी बारीकियां सीखनी पड़ीं। थिएटर के अपने अनुभव के साथ मुझे इन बारीकियों पर काम करने का भरपूर मौका भी मिला।

रानी मुखर्जी नहीं चाहती थीं इस फिल्म में काम करना

संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 16 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी मुखर्जी ने यह कहकर चौंका दिया है कि पहले वे यह भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थीं। दिव्यांग लड़की मिशेल मैकनेली का रोल निभाने वाली रानी ने कहा, जब संजय ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैं इसे करने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे की वजह फिल्म या किरदार को लेकर कोई संदेह नहीं था, क्योंकि उनके साथ काम करना हर अभिनेता का सपना होता है। मैं भी यह मौका पाकर खुश थी लेकिन एक अभिनेता के तौर पर मुझे भरोसा नहीं था कि मैं ये काम कर पाऊंगी। मैंने इस बारे में संजय से चर्चा भी की, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल रोल था। मैं पहले इस रोल को लेकर बहुत डरी हुई थी।

रानी ने आगे कहा, जब उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मैं ये किरदार निभा लूंगी और वो मुझे हर कदम पर इसके लिए मार्गदर्शन देंगे, तब मुझमें इसे लेकर आत्मविश्वास जागा। संजय ने अपना वादा पूरा किया। मुझे गहन प्रशिक्षण दिया गया। मैंने साइन लैंग्वेज सीखी। ऐसे लोगों के साथ मैंने 6 महीने तक बातचीत की और उनकी जिंदगी को करीब से देखा, तब कहीं जाकर मैं मिशेल का किरदार निभाने के लिए सक्षम हो पाई। इस फिल्म को देखने के बाद दिलीप कुमार ने उनके अभिनय की सराहना की। रानी ने बताया, दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म देखने के बाद मुझे एप्रीसिएशन लेटर भेजा। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मिली तारीफों में ये मेरे लिए सबसे अहम है कि उन जैसे दिग्गज अभिनेता ने मेरी सराहना की।

चर्चा में गन कल्चर

टेक्सास में 18 साल एक युवक ने एके-47 से अपनी दादी को गोली मारी। फिर स्कूल पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग की। अमेरिका को हिला देने वाली यह घटना 24 मई 2022 को हुई। 22 लोगों की मौत हो गई। इस घटना ने फिर से अमेरिका के गन कल्चर को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। लेकिन अमेरिका में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। ऐसी घटनाओं से सीखने की अमेरिका का जो रिकॉर्ड है उससे लगता है कि शायद आखिरी भी न हो। 2022 अभी आधा भी नहीं बीता है। लेकिन अमेरिका में 144 दिन में सामूहिक गोलीबारी की 212 घटना हो चुकी है। ऐसी 27 घटना तो स्कूलों में भी हो चुकी है। अमेरिका में इस तरह की घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण वहां का गन एक्ट है। अमेरिका में गन कल्चर का संबंध वहां के संविधान से जुड़ा है। इस देश में बंदूक रखने का कानूनी आधार संविधान के दूसरे संशोधन में निहित है। इसलिए बहुत आसानी से हथियारों की खरीदारी की जा सकती है। द गन कंट्रोल एक्ट 1968 के मुताबिक, राइफल या कोई भी छोटा हथियार खरीदने के लिए उम्र कम से कम 18 साल होनी चाहिए। दूसरे हथियार जैसे हैंडगन खरीदने के लिए 21 साल की उम्र होनी चाहिए। आज 33 करोड़ की आबादी वाले अमेरिका में आम नागरिकों के पास 39 करोड़ हथियार हैं। गन कल्चर के कारण अमेरिका में हिंसा पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव के दौरान गन कल्चर पर रोक का वादा किया था, लेकिन इस पर अब तक कोई पहल नहीं की जा सकी है। अमेरिका में 2021 में 693 सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं हुईं। 2020 में 611 जगह गोलीबारी हुई तो 2019 में 417 जगहों पर ऐसी ही वारदात को अंजाम दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में अमेरिका के स्कूलों में गोलीबारी की 34 घटनाएं सामने आईं। 2020 में 10 स्कूलों तो 2018 व 2019 में 24-24 घटनाएं सामने आई थी। अमेरिका 1783 को ब्रिटेन से आजाद हुआ था। बंदूक की जोर पर अमेरिका को स्वतंत्रता मिली थी। इसके बाद अमेरिका में संविधान बना। फिर साल 1791 में संविधान में दूसरा संशोधन लागू हुआ और उसी के तहत अमेरिकी नागरिकों को हथियार रखने के अधिकार मिल गया। अमेरिकी लोग सब्जी भाजी की तरह गन बाजार से खरीद सकते थे लेकिन इसकी कीमत अमेरिका चुका रहा है। सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, हर साल औसतन 12 हजार मौतें बंदूकों से होती हैं। अमेरिका में 66 फीसदी लोगों के पास एक से अधिक बंदूकें मौजूद हैं। दुनिया भर में आम लोगों के पास जितनी बंदूकें हैं उनका 48 फीसदी केवल अमेरिकियों के पास हैं। हथियारों की बिक्री से अमेरिका की आर्म इंडस्ट्री को हर साल 91 हजार करोड़ की कमाई होती है। 2.65 लाख लोग अकेले अमेरिकी आर्म इंडस्ट्रीज से ही जुड़े हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में केवल हथियारों की बिक्री से ही 90 हजार करोड़ रुपए आते हैं। अमेरिका में करीब 31 करोड़ हथियार, हर साल एक करोड़ से ज्यादा पिस्टल जैसे हथियारों का निर्माण होता है। आजादी के करीब 239 साल के बाद भी आज भी अमेरिका इस कानून को बदल नहीं पाया है। अमेरिका में गन कल्चर भले ही वहां के युवाओं को प्रभावित करती हो, लेकिन इसकी कीमत भी समय-समय पर अमेरिकी लोगों को चुकानी पड़ती है। लाखों आम लोगों के साथ-साथ अमेरिका के चार पूर्व राष्ट्रपति की हत्या के पीछे भी कहीं न कहीं गन कल्चर का ही हाथ हैं। राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन और राष्ट्रपति जेम्स ए गारफील्ड की हत्या भी बंदूक से ही की गई थी। आज भले ही गन कल्चर अमेरिकी लाइफ का एक हिस्सा बन गया है लेकिन कई देश के अधिकांश लोग आज भी इस कल्चर के खुश नहीं हैं।

सत्ता के लिए बेचैन होती कांग्रेस

सुरेश हिन्दुस्थानी

भारतीय राजनीति कब किस समय कौन सी करवट बैठेगी, यह कोई भी विशेषज्ञ अनुमान नहीं लगा सकता। अगर इसका अनुमान लगाएगा भी तो संभव है कि उसका यह अनुमान भी पूरी तरह से गलत प्रमाणित हो जाए। हमारे देश में लम्बे समय तक सत्ता पक्ष की राजनीति करने वालों राजनेताओं के लिए यह समय वास्तव में ही अवसान काल को ही इंगित कर रहा है, अवसान इसलिए, क्योंकि उनके पास अपने स्वयं के शासनकाल की कोई उपलब्धि नहीं है। अगर उनका शासन करने का तरीका सही होता तो संभवतः उन्हें इस प्रकार की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस आज भले ही अपनी गलतियों के कारण उत्पन्न हुई स्थितियों को वर्तमान सरकार पर थोपने का काम करे, परंतु इस बात को कांग्रेस भी जानती है कि वह केन्द्र सरकार का विरोध न करे तो उसके पास राजनीति करने के लिए कुछ भी नहीं है। आज देश में जो समस्या दिखाई दे रही है, कांग्रेस उसे ऐसा प्रचारित करती है, जैसे यह सारी समस्याएं मोदी के शासनकाल में ही आईं हैं।

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद देश में सबसे ज्यादा शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी की इतनी दयनीय स्थिति क्यों बनी, इसका अध्ययन किया जाए तो यही सामने आता है कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस के नेता ही जिम्मेदार हैं। कांग्रेस ने प्रारंभ से ही विविधता में एकता के सूत्र को स्थापित करने वाली परंपरा पर राजनीतिक प्रहार किया, एक प्रकार से कहा जाए तो कांग्रेस ने विविधता को छिन्न भिन्न करने की राजनीतिक चाल खेली। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सीमाओं को लांघते हुए कांग्रेस ने हिन्दू आस्था पर घातक प्रहार करने का षड्यंत्र किया। इसमें कांग्रेस के साथ वामपंथियों ने कदम से कदम मिलाकर सहयोग किया। यही चाल वह आज भी खेलती हुई दिखाई दे रही है। समाज में विभाजन की खाई को पैदा करने वाले राजनीतिक दल भले ही इस नीति पर चलकर शासन करते रहे, लेकिन देश की जो तस्वीर बनी, वह बहुत ही कमजोर चित्र को दर्शा रही है। इसमें समुदाओं के लिए बनाए गए पर्सनल कानून आग में घी डालने जैसा ही काम कर रहे हैं। अगर यह पर्सनल कानून की अवधारणा देश में नहीं होती तो स्वाभाविक रूप से समाज के बीच दरार पैदा नहीं होती। आज देश के लिए आवश्यक यह है कि समान नागरिक संहिता लागू की जाए।

गांधी की विरासत को गले से लगाने वाली कांग्रेस आज उन्हीं के सिद्धांतों से भटकती हुई दिखाई दे रही है। गांधी जी ने कहा था कि मैं एक ऐसे भारत का निर्माण करुंगा, जिसमें कहीं भी ऊंचनीच का भाव नहीं हो, साम्प्रदायिकता का अभाव हो, गौहत्या पर पूरी तरह से प्रतिबंध हो और शराब बंदी हो। लेकिन आज हम क्या देखते हैं कांग्रेस ने गांधी के सिद्धांतों को निर्मूल साबित कर दिया। आज की कांग्रेस ने समाज को वर्गों में बांटकर राजनीति की, इससे समाज में ऊंचनीच का भाव पैदा हुआ, इसी प्रकार केरल में कुछ वर्ष पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरेआम गौहत्या की, वह हमने प्रत्यक्ष रुप से देखा। हालांकि बाद में भले ही कांग्रेस ने गौहत्या करने वाले कांग्रेस नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। सबसे बड़ी बात यही है कि कांग्रेस दिखावे की राजनीति करती है, मन में कुछ और ही चल रहा होता है। इसी प्रकार हम यह भी जानते हैं कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की सारी सीमाओं को तोड़ते हुए यहां तक कह दिया कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। कांग्रेस की यह राजनीति सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाली नहीं तो और क्या कही जाएगी? कांग्रेस के शासन काल में

भगवान राम द्वारा बनाए गए रामसेतु को तोड़ने का भरसक प्रयास किया, सरकार की ओर से न्यायालय में दिए गए शपथ पत्र में कांग्रेस की ओर से कहा गया था कि भगवान राम एक काल्पनिक पात्र हैं, वे तो पैदा ही नहीं हुए थे। इस प्रकार की सोच रखने वाली कांग्रेस को भारत विरोधी कहना न्याय संगत ही कहा जाएगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तो कई बार उपहास का पात्र बनते हुए पूरे भारत वर्ष ने देखा है, लेकिन अब कांग्रेस भी अपने कार्यक्रमों के माध्यम से उपहास का पात्र बनती जा रही है। समाज की नजरों से बहुत दूर जा चुकी कांग्रेस अपने आपको जनहितैषी साबित करने के लिए दम खम से प्रयास कर रही है, लेकिन यह दिखावे की राजनीति ही उसकी पोल खोलने का काम भी कर रही है। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस के नेता जो दिखाते हैं, सत्यता उससे बहुत दूर है। अभी हाल ही में कांग्रेस का चिंतन शिविर आयोजित किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं के भिन्न प्रकार के स्वर मुखरित हुए, जिसके कारण कुछ नेताओं को संतुष्ट करने के लिए इसी प्रकार का दूसरा लघु चिंतन शिविर फिर से आयोजित करने की स्थिति बनी।

देश से लगातार सिमटती जा रही कांग्रेस के बारे में यही कहना समुचित होगा कि आज वह छटपटा रही है। सत्ता प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है, लेकिन उनके यह प्रयत्न सकारात्मक न होकर नकारात्मक ही कहे जाएंगे। कांग्रेस ने जितने वर्षों तक देश में शासन किया, उतने वर्षों में अगर ईमानदारी से इस वंचित समाज को आगे लाने का काम किया होता तो आज समाज में असमानता नहीं होती। इसके विपरीत वर्तमान नरेन्द्र मोदी की सरकार ने प्रारंभ से ही कहा है कि उनकी सरकार सबका साथ सबका विकास की अवधारणा पर काम करने वाली सरकार है। उनकी सरकार में किसी का भी तुष्टिकरण नहीं किया जाएगा। ऐसा हो भी रहा है, लेकिन विरोधी पक्ष के राजनीतिक दल केवल इसलिए ही मोदी सरकार का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि केन्द्र सरकार अगर सबका विकास कर देगी तो फिर राजनीति कैसे होगी? विरोधी दल के नेता केवल इतना ही सोचकर वर्तमान केन्द्र सरकार को घेर रहे हैं, जबकि यह कमजोरी पूरी तरह से पहले की सरकारों की देन है। ऐसी राजनीति करना ठीक नहीं है।

देश में कांग्रेस की नीति पर चलने के लिए अन्य राजनीतिक दल भी आतुर दिखाई दे रहे हैं। उसमें बहुजन समाज पार्टी की मायावती तो धनवान होने के बाद भी अपने आपको वंचित समाज का हितैषी मानने का दिखावा कर रही हैं। इससे यह भी साबित होता है कि मायावती समय के अनुसार ही राजनीति करती हैं, इसमें उनकी पार्टी का कोई सिद्धांत नहीं है। विरोधी दलों के लिए सबसे बड़ी परेशानी की बात यह है कि उन्हें वर्तमान सरकार में कोई खामी दिखाई नहीं दे रही, इसलिए स्वयं मुद्दे खड़ा करके केन्द्र सरकार पर आरोपित करने की राजनीति ही की जा रही है। ऐसी राजनीति देश के स्वास्थ्य के लिए कतई ठीक नहीं कही जा सकती, ऐसी राजनीति से बचना ही चाहिए।

धर्म का आदर

स्वामी श्रद्धानंद महर्षि दयानंद के योग्य शिष्य थे। उन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए देश के कई हिस्सों में गुरुकुल कांगड़ी और अन्य संस्थाओं की स्थापना की थी। एक बार रुड़की चर्च के पादरी फादर विलियम ने स्वामी जी से पत्र लिखकर कहा- स्वामी जी, मुझे लगता है कि अगर मैं हिंदी सीख लूं तो शायद भारत में मैं अपने धर्म का प्रचार बेहतर ढंग से कर पाऊंगा। क्या इसके लिए आप मुझे अपने गुरुकुल में प्रवेश दे सकते हैं? मैं वादा करता हूं कि अपने अध्ययन के दौरान मैं ईसाई धर्म की चर्चा नहीं करूंगा और उसके प्रचार की कोई कोशिश नहीं करूंगा। स्वामी जी ने पत्र के जवाब में लिखा- फादर, गुरुकुल कांगड़ी में आपका खुले दिल से स्वागत है। आप यहां अतिथि बनकर हमारी सेवाएं ले सकते हैं। मगर आपको एक वचन देना होगा। जब तक आप यहां रहेंगे तब तक आप अपने धर्म का खुलकर प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि हमारे छात्र भी ईसा मसीह के उपदेशों को समझ सकें और उन्हें ग्रहण कर सकें। मैं चाहता हूं कि हमारे छात्र धर्मों का आदर करना सीखें। धर्म प्रेम सिखाता है बैर नहीं। हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह अपने अलावा दूसरे धर्मों को भी जाने। अधिक से अधिक धर्मों के विषय में जानकर हम एक अच्छे इंसान बन सकते हैं। स्वामी जी का यह जवाब पढ़कर फादर अभिभूत हो गए। वे जब तक गुरुकुल में रहे, छात्रों को ईसाई धर्म के बारे में बताते रहे। यहां रहकर भारतीयों को लेकर उनकी कई धारणाएं बदल गईं। वे जीवन भर गुरुकुल के लिए कार्य करते रहे।

सत्तू पोषक तत्वों का भंडार

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

सत्तू एक प्रकार का देशज व्यंजन है, जो भूने हुए जौ, मक्का और चने को पीस कर बनाया जाता है। बिहार में यह काफी लोकप्रिय है और कई रूपों में प्रयुक्त होता है। सामान्यतः यह चूर्ण के रूप में रहता है जिसे पानी में घोल कर या अन्य रूपों में खाया अथवा पिया जाता है। सत्तू के सूखे (चूर्ण) तथा घोल दोनों ही रूपों को सत्तू कहते हैं।

तैयारी: सर्वप्रथम चने को पानी में भीगने के लिये रख दिया जाता है।उसके पश्चात इन्हें सुखाने के बाद भूना जाता है। इसके बाद इसे भूने हुए मसालों, यथा जीरा, काली मिर्च इत्यादि के साथ पीसा जाता है। सत्तू सिर्फ चने का ही नहीं बल्कि मक्का (भूट्टा) और जौ का भी बनाया जाता है। जौ के सत्तू के लिये भी उपर्युक्त प्रक्रिया ही जौ के साथ की जाती है और मक्का के सत्तू को बनाने के लिए उपर्युक्त प्रक्रिया मक्का को बिना भिगोए की जाती है।

प्रयोग: सत्तू का घोल बना कर या आटा की तरह भूरभूरा सान कर पीया या खाया जाता है, आप इसका स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें स्वादानुसार काला नमक या साधारण नमक मिलाए, आप आवश्यकता अनुसार बारीक कटी हुई प्याज और हरी मिर्च भी मिला सकते हैं। चने के सत्तू का प्रयोग बिहार का प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी बनाने के लिए भी किया जाता है, वैसे तो मुख्यतः लिट्टी चना के सत्तू से बनता है लेकिन यह जौ या मक्का के सत्तू से भी बनाया जा सकता है। 100 ग्राम सत्तू में 413 ग्राम एनर्जी कैलोरी, 3 ग्राम पानी, 64 ग्राम कार्बोहाइडेट, 18 ग्राम फाइबर, 25 ग्राम प्रोटीन और 5 ग्राम फैट होता है। वहीं 100 ग्राम सत्तू में 20.6 ग्राम प्रोटीन, 7.2 ग्राम फैट, 1.35 ग्राम फाइबर, 65.2 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 406द्मष्ड्डद्य कैलोरी पाई होती है। आप अपनी जरूरत और स्वाद के अनुसार सत्तू और बेसन का सेवन कर सकते

1. शरीर को ठंडक पहुंचाए: लू और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सत्तू सबसे बेहतरीन उपाय होगा। एक गिलास ठंडा सत्तू ड्रिंक आपके पाचन को ठीक रखता है और पेट को भीतर से ठंडक पहुंचाता है। गर्मी में कोल्ड ड्रिंक पाने की बजाय सत्तू ड्रिंक पिएं ये हेल्दी होने के साथ साथ आपकी जेब पर भी बोझ नहीं बनेगा।

2. महिला स्वास्थ्य के लिए: प्रेग्नेंसी दौरान और माहवारी के दिनों में महिलाओं में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। इन पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए सत्तू एक बेहतरीन औषधि है। सत्तू में मौजूद विटामिन्स और प्रोटीन्स शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा कर देते हैं।

3. ग्लोइंग स्किन: दमकती हुई सुंदर त्वचा कौन नहीं चाहता, लेकिन अपनी त्वचा का खास खयाल न रखने और पोषक तत्व ठीक से न मिल पाने की वजह से आपकी त्वचा रूखी सूखी और अस्वस्थ्य हो जाती है। हर रोज सत्तू ड्रिंक पीने से आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है और नई कोशिकाओं को बनने में भी मदद मिलती है।

4. बालों के लिए: अगर आप लंबे, घने, सुंदर और काले बाल चाहते हैं, तो आपको अपनी रोज की डाइट में सत्तू ड्रिंक का इस्तेमाल शुरू कर देना चाहिए। पोषक तत्वों की कमी की वजह से बाल पतले होना, बालों का झड़ना और वक्त से पहले सफेद हो जाना जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं। हमारे शरीर की ही तरह हमारे बालों को भी पोषक तत्वों का आवश्यकता होती है और सत्तू में मौजूद प्रोटीन, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट इस कमी को पूरा कर देते हैं।

5. बूढ़े व्यक्तियों के लिए: बूढें व्यक्तियों के लिए सत्तू अमृत के समान है। बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति को कई समस्याएं घेर लेती हैं जिनमें खराब पाचन, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी और दिल से जुड़ी कई बीमारियां हो जाती हैं इनमें सत्तू काफी लाभदायक होता है।

6. डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर: डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए सत्तू वरदान की तरह है। सत्तू शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को सत्तू को पानी में घोलकर उसमें नमक डालकर लेने की सलाह दी जाती है।

7. थकान मिटाए: गर्मियों में हम जल्दी थक जाते हैं और कमजोरी महसूस करने लग जाते हैं। सत्तू ड्रिंक एक अच्छा एनर्जी बूस्टर है, जो आपको अंदर से ताकत देता है और आप जल्दी थकते नहीं हैं और आप स्वस्थ्य रहते हैं।

शेयर बाजारों की सट्टेबाजी से वैश्विक आर्थिक संकट

सूडोकु नवताल- 6084

★☆☆☆☆ सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6083 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

सनत कुमार जैन

वैश्विक व्यापार संधि के बाद दुनिया के सभी देशों की आर्थिक विकास की दर कई गुना बढ़ा दी थी। 2003 के बाद भारतीय शेयर बाजार सहित दुनिया भर के शेयर बाजार कर्ज एवं विकास के अर्थ व्यवस्था की उड़ान भरकर हवा - हवाई हो गए थे। कारपोरेट जगत ने वित्तीय संस्थानों से बड़े पैमाने पर कर्ज लिये। हवा - हवाई योजनाएं बनाई। सरकारों ने भी शेयर बाजार के जरिये शेयरों की खरीद बिक्री में सट्टेबाजी के जरिए कारपोरेट जगत को आसानी से पूंजी उपलब्ध कराना शुरु कर दिया। शेयर बाजार में 10 रुपये अथवा 100 रुपये के शेयर मूल्य पर सैकड़ों रुपये के प्रीमियम के साथ कंपनियों में निवेश करने की नई व्यवस्था शुरु हुई। शेयर बाजार को जीडीपी से जोड़कर वास्तविक विकास की वृद्धि का स्थान शेयर बाजारों की सट्टेबाजी ने ले लिया। इसमें आर्थिक विकास कागजों पर बड़ी तेजी के साथ बढ़ा।

सरकारें भी शामिल: आर्थिक विकास की होड़ में विभिन्न देशों की सरकारें, बैंक, वित्तीय संस्थान भी शामिल हो गए। म्यचुअल फंड पेंशन फंड , प्रोबिडेंट फंड, इक्वटी फंड इत्यादि की पूंजी भी शेयर बाजार के जरिये कारपोरेट जगत को आसानी से उपलब्ध होने लगी। एक दशक पूर्व वैश्विक स्तर पर गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों का निवेश 30 ट्रिलियन डालर का था। जो वर्तमान में बढकर 63 ट्रिलियन डालर से उपर पंहुच गया है। 2008 में अमेरिका की आर्थिक मंदी में सैकड़ों बैंक एवं वित्तीय संस्थायें

दिवालिया हो गई थी। उसके बाद शेयर बाजार के माध्यम से कारपोरेट जगत में तेजी के साथ निवेश बढ़ा। शेयर बाजार के जरिये कारपोरेट जगत से जुड़े कारोबारियों ने अरबों - खरबों रुपये कमाये। शेयर बाजार के जरिये कारपोरेट जगत में जो बहार आई थी। वह कृत्रिम तेजी थी, जिसका वास्तविक्ता से कोई लेना-देना नहीं था। अब वह कर्ज के बोझ से दबकर दिवालिया होने की कगार पर पंहुच गई है।

भारत जैसे देश में पिछले 8 वर्षों में हजारों कंपनियां कर्ज के बोझ से दबकर बंद हो गई। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं का लाखों करोड़ रुपया कंपनियों और कारपोरेट जगत में फंस गया। सरकार और बैंकों ने मिलकर लगभग 8 लाख करोड़ रुपयों की देनदारी को राईट -ऑफ कर अपनी बेलेंसशीट सुधारने का प्रयास किया। इसके बाद भी समस्या खत्म होने के स्थान पर केंसर की बीमारी की तरह आपरेशन के बाद और तेजी से बढ़ रही है। सैंकड़ों कम्पनियों ने अभिकरण में दिवालिया होने के लिए आवेदन कर रखे हैं। जिन कंपनियों ने दिवालिया कानून के तहत आवेदन किया है। उन कम्पनियों से 25 फीसदी राशि भी वसूल नहीं हो पा रही है। एनपीए बढ़कर 8.34 लाख करोड़ से ऊपर हो चुका है।

दुनिया के सभी देश कर्ज के संकट में फंस चुके हैं। वैश्विक व्यवस्था में जीडीपी का 24 फीसदी ऋण वैश्विक वित्तीय संस्थाओं से सरकारों को मिल जाता है। दुनिया के 69 देश अधिकतम सीमा का ऋण ले चुके है। भारत भी कुल जीडीपी का लगभग 20 फीसदी कर्ज ले चुका है। कर्ज के बोझ से दबी सरकारों को कर्ज की अदायगी, मंहगाई, बेरोजगारी तथा कोविड के बाद खाद्यान्त्र, कर्ज के संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई देशों के पास आयात करने के लिये विदेशी मुद्रा नहीं है। रूस पर आर्थिक प्रतिबंध तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद आयात- निर्यात का संतुलन विकासशील एवं विकसित देशों का बिगड़ चुका है। जिसके कारण दर्जनों देशों में बगावत तथा गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। खाद्यान्त्र एवं कर्ज संकट का सामना दुनिया के 70 से अधिक देश कर रहे हैं। जिसके कारण दुनिया के अधिकांश देशों में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है।

शेयर बाजार की गिरावट से वित्तीय संस्थान होंगे दिवालिया: शेयर बाजरों के जरिये कारपोरेट जगत में किया गया निवेश बड़ी तेजी से गिर रहा है। आर्थिक मंदी और बदहाली की स्थिति में शेयर बाजार की गिरावट से कारपोरेट जगत की कंपनियों की पूंजी को भारी नुकसान होगा। इस स्थिति में वित्तीय संस्थानो और निवेशकों की पूंजी डूबने का खतरा भी पैदा हो गया है। कर्ज अदायगी समय पर ना होने से वैश्विक अर्थ-व्यवस्था संकट के चरम पर पहुंच गई है।

भूख का सही निदान रोजगार एवं कृषि विकास से ही सम्भव!

भरत मिश्र प्राची

प्राणी जीवन के लिये रोटी, कपड़ा और मकान नितांत आवश्यक है। प्राणी आवास एवं कपड़ा के बिना रह सकता है पर रोटी के बिना जी नहीं सकता । भूख सभी को लगती है। जब भूख लगती है तो भूख को मिटाने के लिये हर तरह का नैतिक, अनैतिक कार्य करने को मजबूर हो जाता है। कभी कभी भूख मिटाने के कदम इतने खतरनाक साबित हो जाते जहां से जिंदगीं विरान हो जाती है। वह सबसे अलग थलग हो जाता है। आज की जवलंत समस्या आतंकवाद एवं नक्सलवाद में भूख की समस्या भी एक प्रमुख कारण है। भूख मिटाने के लिये अर्थ का होना बहुत जरूरी है। अर्थ प्राप्ति का साधन रोजगार है। रोजी से रोटी संभव है और रोटी ही भूख को मिटा सकती है।

प्रति वर्ष 28 मई को विश्व भूख दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व भूख दिवस भूख मिटाने की दिशा में जागरूक करने की एक विशेष पहल है। भूख से किसी प्राणी की अकाल मृत्यु न हो, इस दिशा में सार्थक कदम उठाने के लिये भूख दिवस मनाने की परम्परा शुरू हुई। इस दिशा में भूख मिटाने के प्रमुख संसाधन कृषि पर विशेष जोर देने की विश्व स्तर पर प्रमुख चर्चा होती रही है। भूख मिटाने में अन्न की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अन्न की प्राप्ति कृषि से ही संभव है। जब विश्व स्तर पर अन्न का भंडार भरा रहेगा, वितरण सही ढंग से होता रहेगा, भूख की समस्या का समाधान भी आसान हो जायेगा।

देश की ज्वलंत समस्या में आज भी भूख की समस्या प्रमुख बनी हुई है। इस समस्या से देश की अधिकांश आबादी आज भी जूझ रही है जबकि आने वाली हर सरकार इसके समाधान में निःशुल्क राशन वितरण, उज्ज्वला गैस योजना के साथ सथ अनेक तरह की घोषणाएं भी करती रहती है। फिर भी यह समस्या बनी हुई है। इसका प्रमुख कारण है कि इस दिशा में वितरण प्रणाली में कहीं न कहीं कमी अवश्य है । जिसे योजना का लाभ मिलना चाहिए, उसे नहीं मिल पाता। भूख मिटाने की दिशा में कृषि जो प्रमुख संसाधन है, जहां से अन्न प्रचूर मात्रा में देश को उपलब्ध हो सकता है, राजनीतिक ग्रस्त होने के कारण सही ढंग से विकास नहीं हो पा रहा है। जिससे कृषि की उपज का सही मुल्य एवं सही ढंग से उपयोग एवं वितरण नहीं होने से कृषि जनक किसानों का कृषि की ओर से मोह भंग होता जा रहा है। आज भी देश के अन्न भंडार में अन्न सड़ने की बात उजागर होती रहती है और अन्न की कमी से भूख से मौत की भी बात समाचार के मुख्य पृष्ठ का आवरण भी बनी हुई है।

चाचा नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

मुरैना। शुक्रवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं चाचा नेहरू के नाम से ख्याति प्राप्त पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृव में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा एम.एस रोड़ स्थित नेहरु पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई।

दिमनी विधायक रविन्द्र सिंह तोमर भिड़ोसा व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश महामंत्री भगवान सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ बताया कि स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री का पद संभालने के लिए कांग्रेस द्वारा नेहरू निर्वाचित हुए यद्यपि नेतृत्व का प्रश्न बहुत पहले 1941 में ही सुलझ चुका था, जब गांधी जी ने नेहरू को उनके राजनीतिक वारिस और उत्तराधिकारी के रूप में अभिस्वीकार किया। प्रधानमंत्री के रूप में वे भारत के सपने को साकार करने के लिए चल पड़े। भारत का संविधान 1950 में अधिनियमित हुआ, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के एक महत्त्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। मुख्यतः एक बहुवचनी, बहु-दलीय लोकतन्त्र को पोषित करते हुए उन्होंने भारत के एक उपनिवेश से गणराज्य में परिवर्तन होने का पर्यवेक्षण किया। इस मौके पर प्रवक्ता ग्रामीण कांग्रेस राजेन्द्र यादव, सुभाष सिंह सिकरवार, मनोज सिकरवार, शहर जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष नजमा बेगम, परमानंद शर्मा, होतम परमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश कथूरिया, सौरभ सोलंकी, प्रेमकुमार बंसल, कुलदीप यादव, गजेंद्र सिंधी, सरफुद्दीन शाह, रमेश अर्गल, रामजीलाल माहोर, रामू टुंडेलकर, करणपाल सिकरवार, असगरी खान, दुर्गेश राजे, दीपक सोलंकी, आकाश रावत आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दीक्षा श्रीवास्तव के गर्भावस्था के समय मातृत्व वंदना योजना की राशि बनी सहयोगी

मुरैना। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समय-समय पर मिली राशि मेरे गर्भावस्था के समय चैकअप और पोषण आहार में सहयोगी बनी। यह कहना है दत्तपुरा मुरैना में रहने वाली श्रीमती दीक्षा श्रीवास्तव का। श्रीमती दीक्षा पत्नि अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि विवाह के बाद जब मैं गर्भवती हुई तो उस समय में प्रायवेट स्कूल में पढाती थी। गर्भावस्था के समय जब मैं स्वास्थ्य चैकअप कराने के लिये डॉक्टर के पास गई तो उन्होंने बताया कि मेरी गर्भावस्था में कुछ कठिनाईयां है और मुझे स्कूल में पढाने के कार्य को छोडकर घर पर आराम करने की जरूरत बताई। डॉक्टर की बात सुनकर मैं चिंतित हो गई। मेरी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अच्छे खान को लेकर मुझे चिंता होने लगी। उसी समय मेरे क्षेत्र की आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री की मातृत्व वंदना योजना जो अति महत्वाकांक्षी योजना है, के बारे में विस्तार से बताया और मेरे संपूर्ण दस्तावेज पूर्ण कराकर मेरा आवेदन जमा कर लिया। आवेदन जमा करने के 20 दिन के अंदर ही मेरे खाते में 1 हजार रूपये जमा हो गये, जिससे मैं अपने खान-पान को लेकर कुछ हद तक चिंता मुक्त हो गई। इसी प्रकार समयानुसार मुझे 4 हजार रूपये दो किश्तों में और प्राप्त हुये। इस प्रकार इस योजना से मुझे 5 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से मैंने घर पर आराम करने के साथ ही अपने अच्छे स्वास्थ्य व खान-पान का ध्यान दिया। जिसके फलस्वरूप मैंने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। इसके लिये मैं और मेरे पति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दिल से आभारी हूँ। उन्होंने मेरी और मेरे जैसी कई अन्य महिलाओं की सहायता की, जिससे हमारा सुरक्षित प्रसव संपन्न हो सका।

कोट सिरथरा में घर-घर लगे नल, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

मुरैना। कैलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोट सिरथरा में जल-जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन हो गये। घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचने पर सभी ग्रामीण खुश है। कोट सिरथरा के शिवकुमार शर्मा ने बताया कि जल-जीवन मिशन नल-जल योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन लग गये है। पहले हम हेण्डपंप, कुंओं से पानी लाते थे। अब घर में ही नल लग जाने से परिवार के किसी भी व्यक्ति को बाहर से पानी नहीं लाना पड़ता है। शिवकुमार शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर हुये नल कनेक्शन, नलों के माध्यम से घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सड़क दुर्घटना पर किया दुःख व्यक्त

मुरैना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में हुई सड़क दुर्घटना में मुरैना के एक ही परिवार के पांच सदस्यों के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि यह दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति और उनके परिजन को अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। बताया गया है कि एक्सीडेन्ट में डोंगरपुर एक ही परिवार के चार लोग, जिनमें 1-1 महिला, पुरूष 2 बच्चियां व एक महिला उत्तमपुरा की शामिल है, जो इसी परिवार से संबंधित है।

तम्बाकू, गुटखा का लगातार सेवन करने से यह हमारे शरीर को खोखला बना देता है

मुरैना। सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा है कि तम्बाकू, गुटखा का लगातार सेवन करने से यह हमारे शरीर को खोखला बना देता है। अगर यह लत लग जाये तो फिर इसे छोड़ना मुश्किल हो जाता है। तम्बाकू का सेवन करते समय लोंगो को अपनी सेहत के बारे में सोचना चाहिये, ताकि तम्बाकू और इससे बने प्रोडक्ट हमारे शरीर को काफी नुकसान पहुंचाते है। यह बात पित्त और कफ का अहम कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू, गुटखा का सेवन करने से गले व मुंह का कैंसर हो सकता है।

बाबूलाल आदिवासी को मिला पक्का आवास, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का माना आभार

मुरैना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संकल्प है कि कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत मानपुर जिला मुरैना निवासी बाबूलाल आदिवासी का पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। बाबूलाल आदिवासी ने बताया कि पहले मैं अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में निवासरत था और बारिश के दिनों में जगह-जगह से पानी टपकता था। उनका सपना था कि उनका भी एक पक्का आवास हो, ताकि उन्हें बारिश के समय परेशानी का सामना न करना पड़े। बाबूलाल आदिवासी ने बताया कि जब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पक्का आवास स्वीकृत हुआ तो उन्हें बड़ी खुशी हुई और उससे ज्यादा खुशी तब हुई, जब उनका आवास बनकर तैयार हो गया। इसके लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आभार व्यक्त किया है।

नंदकिशोर शर्मा समरा पर किसान सम्मान निधि पाकर बहुत खुश है

मुरैना। ग्राम धर्मगढ़ तहसील पोरसा जिला मुरैना निवासी नंदकिशोर शर्मा पुत्र रामसुंदर शर्मा ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना को शुरू करने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। यह अब तक की देश के किसानों की सबसे बड़ी योजना है। नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का एक और एकमात्र उद्देश्य देश के प्रत्येक किसान को बेहतर आजीविका प्रदान करना है। देश आर्थिक क्षेत्रों में पूरी तरह से .षि पर निर्भर है। देश के लगभग कई किसान कृषि से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए अभी काफी फायदेमंद साबित हो रही है। नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 6 हजार और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से पूरे वर्षभर में 4 हजार ऐसी योजना हम जैसे छोटे सीमांत किसानों के लिये वरदान साबित हो रही है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने ऐसी योजनायें संचालित की है।



योग संस्थान का न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने किया शुभारंभ

जौरा। भारतीय योग संस्थान के नए केंद्र का शुभारंभ न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी द्वारा किया गया। शुक्रवार कि सुबह मनकामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में न्यायमूर्ति श्री माहेश्वरी ने भारतीय योग संस्थान ग्वालियर द्वारा संचालित संस्थान के नए केंद्र का जौरा में श्री गणेश करते हुए कहा कि योग से सभी बीमारियां दूर होती हैं। नियमित रूप से इसे सभी को करना चाहिए, विशेषकर 50 वर्ष से ऊपर के पुरुष महिलाओं के लिए योग करना आवश्यक है। इस अवसर पर एसपी शर्मा क्षेत्रीय प्रधान शिक्षा नगर भारतीय योग संस्थान ग्वालियर, राजेंद्र रोजेदार केंद्र प्रमुख डीबीसीटी योग केंद्र वरिष्ठ साधक, रामगोपाल बंसल ऋषि गालव महाविद्यालय सेवानिवृत्त प्राचार्य, प्रोफेसर वीके गर्ग, मनकामेश्वर मंदिर न्यास के अध्यक्ष विष्णु माहेश्वरी, सचिव डॉ अशोक सिंघल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस योग कार्यक्रम के तारतम्य में दीनदयाल मनकेश्वर महादेव मंदिर पार्क में प्रतिदिन नियमित रूप से लोगों को दयानंद वर्मा के निर्देशन में योग निःशुल्क कराया जाएगा ! भारतीय योग संस्थान के नए केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ रवि माहेश्वरी, राजेंद्र गुप्ता, संजीव सिंघल एडवोकेट, अवधेश सिंह सिकरवार, अरविंद पाराशर, रवि , गिर्राज कुमार टिल्लू, नवीन वर्मा, डॉ परवी यादव, राजेश सिंघल राजू मंत्री, अनूप वर्मा सहित अन्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

भाजपा नगर मंडल पश्चिम की नगरीय निकाय को लेकर बैठक संम्पन्न

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम की नगरीय निकाय को लेकर बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, मप्र पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष (कैविनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रघुराज सिंह कंषाना, नगरीय निकाय प्रभारी महेश मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजंय शर्मा, जिला महामंत्री भावना जालौन, जिला मंत्री रामवीर कंषाना, मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप डंडोतिया, जिला सह मीडिया प्रभारी सजंय डंडोतिया, मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना डंडोतिया मंचासीन रहे। बैठक के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष एवं अन्य वक्ताओं के द्वारा मंडल में वार्ड स्तर पर समिति घटित कर वार्ड के दावेदारों में सहमती बनाकर अच्छे प्रत्याशी का चयन करने की बात कही गई, जिससे पूरे नगर में ज्यादा से ज्यादा भाजपा के प्रत्याशी जीतकर आयें एवं महापौर प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा मत मिलें, इसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट हों। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिनेश शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार जिला मंत्री रामवीर कंषाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष माला सिंह, कोक सिंह भदौरिया, कोकसिंह यादव, राकेश गुप्ता, पवन शर्मा, रामजीलाल राठौर, लोकेंद्र डंडोतिया, राजू सिकरवार, मनोज शर्मा, हरिसिंह सिकरवार, रामप्रकाश राठोर, अमर सिंह वैसला, पुलकित खेडा, राहुल पचौरी,अमित उपाध्याय, किशोर शर्मा, मीना भदौरिया, मीना गुर्जर, तृप्ति कुलश्रेष्ट, रामकुमार यादव, हरिप्रसाद खटीक, के डी डंडोतिया, गिर्राज पाठक, दिलीप राठौर, कम्पोटर राठौर, राकेश हर्षाना, कल्लू भदौरिया, रवि सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिवपुरी पुलिस ने दिनारा की गणेश वाटिका से चोरी गये सोने चांदी के जेवर एवं नगदी दस हजार रुपये कुल कीमती 20,60,000/- रु का माल मसरूका किया वरामद, चोरों की गिरफ्तारी हेतु कर रहे प्रयास

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-दिनांक 22.05.2022 को फरियादी गिरवर सिंह पुत्र शोभाराम यादव उम्र 52 साल निवासी दाऊनगर हसारी थाना प्रेमनगर जिला झांसी ने उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मै दिनांक 20.02.2022 को गणेश वाटिका दिनारा में अपने पुत्र की वारात लेकर आया था जहां मेरे चढावे का सामान सोने के जेवरात (330 ग्राम 900 मि.ग्रा.) एवं चांदी की पायलें 229 ग्राम अज्ञात चोरों द्वारा चुराकर लिया गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना दिनारा पर अपराध क्रं. 118/2022 धारा 457,380 ता.हि. का कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री प्रदीप शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन एवं एसडीओपी करैरा श्री जीडी शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनारा उनि. संतोष भार्गव थाना प्रभारी वोडा

जिला राजगढ़ उनि. रामनेश राठौर एवं चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उप निरी. नितिन भार्गव मय बल के एक टीम बनाई गई जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के निर्देशन में वीडियों

फुटेज के आधार पर लगातार अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये माल मसरूका को वरामद करने हेतु प्रयास किये गये एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। आज दिनांक 27.05.2022 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त चोरी को अंजाम देने बाले चोर ग्राम गुलखेडी नदी किनारे पुलिया के पास मे देखे हैं। मुखबिर की सूचना पर से थाना प्रभारी दिनारा उनि. संतोष भार्गव एवं चौकी प्रभारी उनि. नितिन भार्गव बरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे तो देखा की पुलिया के पास जंगल मे मुखबिर द्वारा बताये हुलियो के दो लोग बैठे दिखे जो कुछ बांट रहे थे जो पुलिस को आता देख अपना सामान वहीं पर छोड़कर जंगल मे भाग गये, पुलिस द्वारा चोरों के आपस मे वटवारे के दौरान ग्राम गुलखेडी नदी किनारे पुलिया के पास से चोरी गये सोने का जोधा हार, दो लोंग हार, बाजू बंध, माथे की बिंदिया, नाक की नथ, हथ फूल तीन अंगूठी बाला, छः चूडीयां,मंगल सूत्र, बीजा सेन, कमर पेटी, दो अंगूठी सोने की व एक जोडी चांदी की पायल, नगदी दस हजार रुपये कुल कीमती 20,60000/- रुपये से जप्त किया गया है। आरोपी वादल पुत्र कृष्णा शांसी, बब्लू पुत्र सुम्मेर शांसी निवासीगण ग्राम गुलखेडी थाना वोडा जिला राजगढ के मौके से फरार हो गये। उक्त प्रकरण मे शिवपुरी पुलिस द्वारा चोरी गया सारा सामान एवं नगदी वरामद कर लिया गया है एवं पुलिस द्वारा आरोपीयों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त मे होंगे। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक संतोष भार्गव थाना प्रभारी दिनारा, उप निरी. नितिन भार्गव चौकी प्रभारी हिम्मतपुर, सउनि संजय कुमार भगत, आर. 777 मनीष गोस्वामी, आर 323 योगेश मिश्रा, आर. 68 विजय मीणा, आर. हरीस जाट की सराहनीय भूमिका रही।

पर्वत सिंह जादौन बने मौ मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं शतीष परिहार जिला आइटी सेल सह प्रभारी

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

मौं। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय देपुरिया ने पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर एंव संगठन के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से मौं मंडल में पर्वत सिंह जादौंन को किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमे नवनियुक्त किसान मौर्चा के मंण्डल अध्यक्ष नें पार्टी के वरिष्ठ तत्व को धन्यवाद दिया कि आपने एक जमीनी कार्यकर्ता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह वरिष्ठ नेता रघुबीर पवैंया जिला मंत्री फरेंन्द सिकरबार रामख्तयार गुर्जर मर्जाद सिंह यादव राजू मिश्रा सुल्तान मोर्य बकील यादव राम यादव रघुराज गुर्जर जितरबई रामू कुशबाह डां बेताल गोड हासिंम राईन रामकेश गुर्जर सोनू खांन संतोंष यादव मेहबूब खां अबदेश श्रीबास डां सुनील गोयलआदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंबाह मार्केटिंग सोसायटी मैं स्कूल के छात्र,छात्राओं को मूंग वितरित की गई।

गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजलीं टुडे

अंबाह। मार्केटिंग सोसायटी अंबाह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान की योजना के अंतर्गत पोषण शक्ति निर्माण के तहत स्कूली छात्र छात्राओं को निशुल्क मूंग वितरित की इसमें पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं को 10 किलो और 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को 15 किलो मूंग दाल का वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में पूर्व मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मिशन नगरोदय अतंर्गत 21 हजार करोड़ के विकास कार्य व हितलाभ का वितरण के साथ 66 लाख छात्र-छात्राओं को मूंग दाल के वितरण किया जा चुका है। कार्यक्रम मैं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं श्री गजेंद्र सिंह तोमर,कविंद्र सिंह तोमर, बच्चूलाल गुप्ता, खेम सिंह भदौरिया,बिंदूसार सिंह तोमर,जिनेश जैन,विजय गुप्ता,कल्ला शर्मा,बल्ली तोमर,एडवोकेट सत्यवीर सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे

बरसात को देखते हुए नगर परिषद का सफाई अभियान जारी

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह- बरसात के मौसम को देखते हुए नगर परिषद दबोह द्वारा सफाई अभियान बड़े ही जोर शोर से जारी है।इस दौरान स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर के निर्देशन में नगर के बड़े नाले व मुख्य बाजार के नालो का सफाई अभियान जारी है।जिससे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके और आमजनता व व्यापारियों को बारिश के मौसम में परेशानी का सामना न करना पड़े।जिसके चलते स्वच्छता नोडल प्रभारी श्री खेंगर में निर्देशन में जेसीबी द्वारा नालो की सफाई का कार्य जारी है।और निरन्तर क्रम-क्रम से नालो की सफाई की जा रही है।

साक्षात्कारः कम उम्र में अपने अभिनय से जीत लिया अणिमा पगारे ने सभी का दिल

बहुत सी खूबियां जुड़ी हैं फ़िल्म 'भूलन' के साथ- अणिमा पगारे

सीहोर से निकल कर मुम्बई में बनाया अपना मुकाम

रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे

सीहोर। छोटे से नगर सीहोर सिद्धपुर की लाडली बेटी अणिमा पगारे ने काफी कम समय में अपने दम पर माया नगरी मुंबई में अपना हासिल कर लिया है। शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई उनकी फिल्म *भूलन द मेज़* ने धूम मचा दी है।जानी-मानी थियेटर कलाकार अणिमा पगारे 'भूलन द मेज़' में ग्रामीण महिला के चुनौतीपूर्ण किरदार में हैं। इसमें इन्होंने मशहूर अभिनेता ओंकारदास मानिकपुरी की पत्नी प्रेमिन का रोल किया है।

'भूलन द मेज़ में अणिमा से हुई चर्चा का सारांश यहां प्रस्तुत है। भूलन द मेज़' से जुड़ने के पीछे की कहानी क्या है, पूछने पर अणिमा बताती हैं कि ÷इस फ़िल्म के सिलसिले में कॉस्टिंग डायरेक्टर का फोन आया था। फिर आर्ट डायरेक्टर जयंत देशमुख एवं डायरेक्टर मनोज वर्मा से मुलाक़ात हुई। उन्होंने बताया कि ओंकारदास मानिकपुरी की पत्नी का रोल करना है। 'पीपली लाइव' फ़िल्म से ओंकार जी की अपनी अलग ही पहचान है। फिर इस

बात को लेकर घबराहट थी कि छत्तीसगढ़ी में संवाद बोलने हैं। जब स्क्रीप्ट हाथ में आई कॉन्फिडेंस जगा। मैंने इस फ़िल्म के लिए हां कर दी।

अपनी कला यात्रा के बारे में अणिमा बताती हैं कि वह मध्यप्रदेश के नजदीकी शहर सीहोर से हैं। वह भोपाल में थियेटर किया करती थीं। वहीं से जाने-माने आर्ट डायरेक्टर एवं नाट्य निर्देशक जयंत देशमुख से पहचान थी। मुझे लगा कि आगे बहुत कुछ करना है। इसलिए 2008 में मुम्बई की राह पकड़ ली। वहां पृथ्वी थियेटर से जुड़े रहकर कई प्ले किये। यह सिलसिला अभी भी जारी है। 2009 से 2018 के बीच कई सीरियल भी किये। इनमें लोकप्रिय धारावाहिक तेरे मेरे सपने महत्वपूर्ण है।

'भूलन' के शूट के दौरान किस तरह का अनुभव रहा, पूछने पर अणिमा कहती हैं कि शुरू में थोड़ा कठिन रहा। मुम्बई में सेट पर जो सुविधाएं होती हैं स्वाभाविक हैं कि 'भूलन' के शूट के दौरान वह नहीं हो सकती थीं। क्योंकि हम गांव में जाकर शूट कर रहे थे, किसी तैयार सेट पर नहीं। फिर फ़िल्म में छत्तीसगढ़ी बोलना था। इसके पहले छत्तीसगढ़ी बोलना तो दूर मैं इसे सुनी भी नहीं थी। कभी डायरेक्टर मनोज वर्मा जी तो कभी छत्तीसगढ़ के साथी कलाकारों से छत्तीसगढ़ी सीखती रही। काफ़ी तैयारी के साथ मैंने अपना रोल किया। यहां तक की डबिंग भी मैंने खुद की है। नहीं तो होता यह है कि भाषा की दिक्कत होने पर रोल कोई करता है और उसकी डबिंग कोई और। फ़िल्म के कई पक्ष ख़ास हैं, आप किस ख़ास पर बात करना पसंद करेंगी, अणिमा कहती हैं- ÷गाने काफ़ी अच्छे बन पड़े हैं। उनमें कहीं से फ़िल्मी टच नहीं है। सब कुछ वास्तविक लगा है। बोल भी काफ़ी सरल हैं।÷ पीपली लाइव फ़ेम ओंकारदास मानिकपुरी ने आपके पति का रोल किया है कैसी रही उनके साथ ट्यूनिंग।

ग्राम कमतरी में राष्ट्रीय आयुष मिशन मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के द्वारा आयुष मेगा शिविर का किया आयोजन

पुष्पांजली टुडे

अम्बाह... कमतरी ग्राम में आयुक्त आयुष, कलेक्टर महोदय एवं जिला आयुष अधिकारी महोदय मुरैना डॉ सौरभ पुरवार जी के निर्देशन मे कमतरी ग्राम में निशुल्क परामर्श एवम औषधि वितरण किया गया,, ग्राम वासियों को दिनचर्या, ऋतुचर्या की जानकारी दी गयी। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योग अभ्यास कराया गया। विशेष रूप से औषधियों के बारे में जानकारी दी गयी। जिला आयुष अधिकारी द्वारा बताया गया आयुष पद्धति के प्रचार प्रसार हेतु इस प्रकार के शिवरों का आयोजन आगे भी किया जावेगा एवं ग्राम में सर्वे कार्य किया जाएगा। शिविर में डॉ आलोक विचोलिया जी,डॉ विक्रम सिंह भदकारिया जी,डॉ निकिता तिवारी जी, आयुष कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप शुक्ला जी श्री मुरारी लाल पचौरी जी,श्री जाहर सिंह तोमर जी , श्री राजेन्द्र सिंह गोले जी,एवम सहायक श्री संदीप ताऊडे जी और पी टी एस महो. उपस्थित रहे,, जिसमें 214 मरीजों को औषधि वितरित की गई एवं रोगों का निदान किया गया।

श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अ. भा. सदस्यता अभियान की बैठक हुई संपन्न द्य

पुष्पांजलीं टुडे

ग्वालियर / प्रदेश प्रिंट मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत कल दिनांक 26/5/22 को संगठन की बैठक होटल नंदगिरी पैलेस में रखी गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदौरिया जी समेत महिला मोर्चा एवं पुरुष पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान सर्वसम्मति से श्री राजू सिंह सिकरवार जी को प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चाश्री अशोक सिंह तोमर जी को प्रदेश सचिव वरिष्ठ प्रकोष्ठश्रीमती संगीता तोमर जी को जिला महासचिव,श्रीमती अमिता सिंह चंदेल जी को जिला संगठन मंत्री एवं सैकड़ों महिला एवं पुरुष युवा साथियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।प्रदेश अध्यक्ष कुं धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सुभकामनाए देते हुएनिस्वार्थ भाव से क्षत्रिय समाज की सेवा करते रहने के लिए कहा संगठन के सभी सदस्य दलगत राजनीति से हटकर अपने समाज के मुद्दों को उठाए समाज के लिए अपना समय दें।एक जुट समाज ही सम्रद्ध समाज है। एक रहें एक दूसरे का सहयोग करें। बैठक में सभी वरिष्ठ ज न व पदाधिकारी मौजूद रहे.

भारतीय सेना ने कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर का किया आयोजन।

रघुबीर ठाकुर पुष्पांजलीं टुडे

महोर (27 मई 22) जम्मु कश्मीर के रियासी ज़िले के महोर में भारतीय सेना ने नई दिल्ली स्थित एक गैर सरकारी संगठन किवानिस क्लब की सहायता से दिव्याँग व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर का आयोजन किया। इसके अलावा स्कूली बच्चों के लिए कम्प्यूटर और स्कूल बैग का वितरण भी किया गया। महोर के साथ-साथ गुलाबगढ़ और गूल क्षेत्र से महिलाओं और बच्चों सहित कुल 29 विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों की पहचान की गई, जो एक प्रतिबंधित जीवन जी रहे थे। इसलिये शिविर का मक़सद सामान्य और स्वतंत्र जीवन जीने के लिए विशेष रूप से दिव्याँग व्यक्तियों को सक्षम और सशक्त बनाना है। शिविर के दौरान विकलांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और बैसाखी प्रदान की गई। इसके अलावा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरकारी मध्य विद्यालय और पीर पांचाल स्कूल के बच्चों को कुल दस कंप्यूटर और 78 स्कूल बैग वितरित किए गए।

स्थानीय लोगों द्वारा शिविर की सराहना की गई जिन्होंने इतने बड़े पैमाने पर वंचितों के लिए शिविर आयोजित करने के लिए भारतीय सेना और गैर सरकारी संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस शिविर का आयोजन भारतीय सेना और अवाम के बीच के बंधन को और मजबूत करने में मदद करेगा।

ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चुनाव में ग्रामीण जन संगठित होकर अपनी अहम भूमिका निभाई : ओपीएस भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव क्षेत्र से भाजपा विधायक ओ पी एस भदौरिया ने ग्राम पंचायत गोहरा में लाखों रुपए किए गए निर्माण के विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया द्य

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीब मजदूर और किसानों एवं सर्व समाज के विकास के लिए योजनाओं को संचालित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही है । मेहगांव क्षेत्र के विकास को अनेकों योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है । आज तेजपुरा में करोड़ों रुपए के विकास कार्य का यही संकेत है कि जो 15 माह की कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने हमारे क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया था अब वही शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने गांव और गली और मजदूरों को विकास के मार्ग पर लाकर अमलीजामा पहनाने का काम किया है । इस अवसर पर राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी विकास योजनाओं के माध्यम से हर गरीब मजदूर किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है । आज तेजपुरा में जो योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण हुआ है और भी अधिक मेरा प्रयास रहेगा कि इस गांव को ही नहीं पूरे मेहगांव को भी राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं से विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए हमारी सरकार ने हर गरीब मजदूरों के विकास की चिंता की द्य

प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोहरा में 20 लाख की लागत का पंचायत भवन, 10 लाख की लागत का आंगनवाड़ी केंद्र एवं नल जल योजना 10 -10 लाख के 2 सामुदायिक भवन मल्लपुरा तथा विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मेहगांव

विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जाएगी । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार विकास के लिए शब्द राशि लेते हैं जितनी भी योजनाएं होंगी वह मेहगांव छेत्र में हर गरीब मजदूरों किसानों तक पहुंचाने के लिए मेरी पहली प्राथमिकता होगी क्षेत्र के हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए मेरा पूरा प्रयास है कि कोई भी सड़क डामरीकरण या सीसी रोड से ना रह जाए और सभी गांवों को पक्की सड़कों के माध्यम से जोड़कर गांव को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे द्य

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के चुनाव में अपनी अहम भूमिका के साथ कार्य करने वाली है जिला पंचायत जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायतों से लेकर सरपंच पंच जिला एवं जनपदों में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता आप सभी के आशीर्वाद के साथ नेतृत्व करें मैं आप सभी को आग्रह कर रहा हूं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में शिवराज सिंह सरकार की मजबूती के लिए अपने अपने ग्राम पंचायतों से प्रत्येक बूथ केंद्र को मजबूती देते हुए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद प्रदान करें ताकि वे आपके क्षेत्र को और अधिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करें द्य उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार को मिली बड़ी सफलता मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण के साथ ही होंगे पंचायत चुनाव ओबीसी वर्ग हितैषी है । मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी वर्ग के हित में जीती है द्य उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते, सत्य की विजय हुई सीएम शिवराज सिंह चौहान के अथक प्रयासों से मध्यप्रदेश के ओबीसी वर्ग को मिला न्याय। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक उत्थान को लेकर कार्य करती है। आज ओबीसी वर्ग के हित में आया ?फैसला ??इसी का सुपरिणाम है। ओबीसी वर्ग के हित में सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है, प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अभिनंदन के पात्र हैं। मध्यप्रदेश के लिये ?ऐतिहासिक है। ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत और निकाय चुनाव कराने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ?ने दिया है। शिवराज सरकार के ईमानदार प्रयासों से आज मध्यप्रदेश ?ने ओबीसी वर्ग के हित में नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सबका साथ सबका विश्वास विकास और विश्वास है इसी भाव को लेकर पार्टी चुनाव में उतरेगी सभी वर्ग मेरे सम्माननीय है लेकिन हम जिस विचारधारा के लिए काम कर रहे हैं उसमें भी हमारी जनभागीदारी हो इसके लिए हम पार्टी के मजबूती के लिए काम करेंगे और हम और ग्राम पंचायतों को विकास को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें शक्ति प्रदान करें, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की विचारधारा है द्य उन्होंने कहा कि कुछ लोग वोट की राजनीति करने आएंगे और कांग्रेस आप सभी को भ्रमित करने का प्रयास करेगी लेकिन हमें उसमें नहीं आना है हम अपने क्षेत्र के जन व्रत नदी को भाजपा द्वारा अधिकृत किए जाने वाले प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें यह हमारा भाव होना चाहिए द्य ग्राम पंचायतों के विकास के लिए शिवराज सरकार की बहुत बड़ी योजना है और मेरा पूरा प्रयास है कि संस्थाओं पर भाजपा का परचम फहरे इसके लिए हमें अपने अधिकृत प्रत्याशी को ताकत देकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करें द्य

बोरेश्वर धार्मिक मंदिर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा : डॉ अरविंद सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि श्री बोरेश्वर धाम अटेर विधानसभा क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है । मध्य प्रदेश सरकार संस्कृत विभाग द्वारा एवं पर्यटन के रूप में विकसित करने की योजना है मंदिर विकास में किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी जहां कमेटी बताएगी वहां मंदिर का विकास कर भगवान शंकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे । यह उद्गार उन्होंने अटेर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री बोरेश्वर धाम मंदिर में नागरिक अभिनंदन समारोह में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य उन्होंने कहा कि बोरेश्वर का विकास गति प्रदान करेगा और भी आर्थिक राशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी । उन्होंने कहा कि मंदिर के चारों ओर पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया जाना चाहिए ताकि भक्त बड़ों को छाया मिले और फलदार वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाए रखेंगे हमारी प्राथमिकताएं मंदिर पर जो भी कार्य होगा उसे तत्काल पूर्ण किया जाएगा द्य सहकारिता लोक सेवा एवं प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया का बोरेश्वर विकास समिति सार्वजनिक अभिनंदन पगड़ी बांधकर किया गया द्य बोरेश्वर विकास समिति के संयोजक नमो नारायण दीक्षित एवं भदावर मंच के संयोजक पहलवान सिंह भदौरिया ने बताया कि धर्मशाला का शिलान्यास बोरेश्वर धाम में किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता की ओर से उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जावेगा क्यों कि सदियों पुराना बोरेश्वर नाथ मंदिर जो लाखों लोगों की श्रध्दा का केन्द्र है अभी तक विकास के नामपर उपेक्षित रहा है, उसको विकास की ओर ले जाने का काम मंत्री ने किया चाहे पारा बोरेश्वर रोड हो या पार्क निर्माण, सत्संग भवन और अब धर्मशाला का शिलान्यास मंत्री जी के दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

कोयम्बटूर आगमन पर सुनील सोंलकी का समाज बन्धुओं ने माला व साफा पहनाकर किया स्वागत

पुष्पाजंली टुडे

कोयम्बटूर ~समाज गौरव,समाज रत्न आईए. एस. चयनित गुजरात केन्डर आदरणीय सुनील सोलंकी सीरवी आगेवा का कोयम्बटूर आगमन हुआ, आपके कोयम्बटूर आगमन पर समाज के गणमान्य बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आपका माला और साफा पहनाकर समाज के वरिष्ठ बंधुओं द्वारा उनका स्वागत किया गया, आपके आगमन पर समाज बंधुओं को बहुत खुशी हुई आपसे बहुत स्नेह और प्रेम भाव मिला। स्वागत के

बाद आपने उद्बोधन दिया, उद्बोधन में आपने बहुत ही महत्वपूर्ण बातें बताई,अपने उद्बोधन में कहा है कि हमारे दक्षिण भारत मे रह रहे प्रवासी समाज में बहुत से विद्यार्थी ग्रेजुएशन कर लेते हैं लेकिन नौकरी के लिए वह आगे अप्लाई नहीं करते, साउथ के विद्यार्थियों के बहुत अच्छे मार्क भी आते हैं लेकिन उनको व्यवसाय मैं बैठा देते हैं,व उनके परिवार की स्थिति भी बहुत अच्छी होती है, साउथ में बच्चे बहुत अच्छे से पढ़ते भी हैं, तो उनको सरकारी या प्रशासनिक नौकरी में भी जाना चाहिए, लेकिन ज्यादातर उनके अभिभावक ध्यान देते नहीं है, सिर्फ ग्रेजुएशन करवा कर छोड़ देते हैं और उनको अपने निजी व्यवसाय पर बेठा देते हैं द्य वहां पर कुछ बच्चों से मिले भी है जिनमे समाज की होनहार प्रतिभा सुष्मिता पंवार सुपुत्री दुर्गाराम पंवार जो दो बार राज्य स्तरीय कि मेरिट हैं, खो-खो खेल की चैंपियन व, तमिलनाडु अंडर 14 कुश्ती में कांस्य पदक विजेता है, इस प्रतिभा से प्रसन्न होकर, प्रतिभा को बहुत मोटिवेशनल किया, करीब 2 से ढाई घंटा उस प्रतिभा को समय दिया, और दूसरे प्रतिभाओं को भी उन्होंने अच्छा संदेश दिया उनके वीडियो भी उपलब्ध है। आपने इसी विषय पर जोर दिया जो भी साथ में विद्यार्थी पढ़ते हैं उनको पढ़ाई जारी रख कर के आगे की तैयारी करनी चाहिए,जैसे आपने खेल में दिखाया ।

कबीर पंथ के लोगो का पांचवां दिन धरना जारी रहा, हमारी धार्मिक भावनाओं की हत्या की

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-कबीर साहेव के अनुयाइयों का कहना है, की, जिला शिवपुरी द्वारा ग्राम बांमोर कला तहसील खनियाधाना पर श्रीमान एस डी एम महोदय श्री जे पी गुप्ता जी द्वारा कबीर आश्राम बामोरकला पर बगैर सूचना नोटिस दिए, पुलिस प्रसासन राजस्व निरीक्षक पंचायत सचिव द्वारा तस्वीर को फेक दिया आश्राम में ताला डाल दिया,समाज के व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो को ग्राम पंचायत की अनुमति थी,जबकि कुछ लोगो की वातो में आकर, गलत तरीके से,हम लोगो के ऊपर कार्यवाही की है, एस डी एम श्री गुप्ता जी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए,कहा कि विशेष वर्ग के लोगो को संरक्षण दे रहे हैं, हम लोगो को प्रताणित कर रहे हैं, श्रीमान जिलाधीश महोदय शिबपुरी को जानकारी दी जा चुकी हैं कि सजंय कबीर ,कमल किशन ने कहा कि एस डी एम पिछोर एव दोषी अधिकारियों को निलंबित कर,सख्त कार्यवाही की जावे, एवं सम्मान पूर्वक सदगरू कबीर साहेव की की मूर्ति स्थापित की जावे,यदि कार्यवाही नही होती है, तो पूरे मध्यप्रदेश में आंदोलन होगा,ये हमारे आस्था की हत्या है, धरना में करैरा, पोहरी, नरवर और शिवपुरी कबीरपंत शामिल रहे

बामोरकला की कोली समाज,ओर कबीर अनुयाइयों ने कहा आंदोलन जारी रहेगा

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-बामौर कलां मैं 09/05/2022 को श्री सद्गुरु कबीर आश्रम पर कबीर साहेब की तस्वीर को फेकने और आश्रम में तालाबंदी होने के संबंध में आंदोलन जारी है, इसको लेकर आज दिनांक 27 मई 2022 को थाना बामौर कलां में हुई बैठक जिसमें श्रीमान स्ष्ठरूमहोदय पिछोर गुप्ता जी,श्रीमान स्ष्ठह्क महोदय रविन्द्र कुशबाहा जी, नायब तहसील दार महोदय, थाना प्रभारी जी और अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

शांतिपूर्ण ढंग से पंचायत चुनाव करवाने को अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने तैयार किया एक्शन प्लान

अवैध हथियार और शराब की तस्करी रोकने जिले के सभी बॉर्डरों पर होगी नाकाबंदी

केशब पंडित जी चम्बल ब्यूरो पुष्पांजलीं टुडे

अम्बाह... आगामी दिनों में होने वाले नगरी निकाय व पंचायत चुनावों की गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। जैसे ही आज आचार संहिता की घोषणा हुई बैसे ही अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने शांतिपूर्ण ढंग से इस चुनाव संपन्न करवाने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। जिसके चलते अवैध हथियार और शराब की तस्करी रोकने के लिए अम्बाह डिबीजन के सभी बॉर्डरों पर नाकाबंदी किए जाने हेतु प्लांनिग को तैयार किया जा रहा है श्री मेहरा ने बताया कि पहले डिबीजन में होने वाले चुनावों में हिंसा व गोलीबारी की घटनाएं आम बात थी, लेकिन इस बार शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, और जो भी माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा का कहना है कि शांतिपूर्ण चुनाव निपटाने को हमें दूसरे राज्य से आने वाले अवैध शराब हथियार पर रोक लगाना होगी, जिसके लिए डिवीजन की सभी

सीमाओं पर नाके स्थापित किए जाएंगे, जहां से हर आने-जाने पर राउंड द क्लॉक नजर रखी जाएगी। यहां बताना गौरतलब होगा, कि श्री मेहरा प्रोबीजन पीरियड पदस्थ थे, तब उन्होंने वहां भी एक अभियान चलाया था, जिसके तहत अवैध हथियार तस्करी सहित अन्य गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन एवं लाइन अटैच जैसी कार्रवाई की गई थी। अब अम्बाह डिवीजन की कमान संभालते ही उन्होंने यहां भी अपने अधीनस्थों को स्पष्ट हिदायत दे दी है, कि यदि कोई वर्दीधारी अवैध गतिविधियों में संलग्न पाया जाएगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अम्बाह रूऊर बरबाई रिठौना खिरेटा कुथियाना जौहा थरा तुतबास आदि जगहो के बदमाश होंगे बाउंड ओवर पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए परिमाल सिह मेहरा ने पूरी तैयारी कर ली है। जिसके तहत उन्होंने डिवीजन के सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों को बाउंड ओवर किए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं, वहीं संवेदनशील पंचायतों में बदमाश किस्म के लोगों को चिन्हित कर उन पर विशेष नजर रखी जाएगी। उधर बॉर्डर चेकिंग के लिए एसडीओपी मेहरा ने कलेक्टर को प्रस्ताव भेजने को आदेश दे दिये है बता दें कि इस बार पंचायत के चुनाव तीन चरणों में संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें पहले ही चरण में यहा चुनाब होगे जिसके लिए पंचायत क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी लायसेंसी शस्त्रधारियों को हथियार अनिवार्य रूप से जमा करवाना होंगे।उसैथ घाट, नगरा घाट, होलापुरा घाट, कुथियाने घाट, के बॉर्डर पर बरती जाएगी अधिक सख्ती पंचायत चुनाव में हिंसा की वारदातों को रोकने के लिए यूं तो पुलिस द्वारा जिले की सभी सीमाओं पर राउंड द क्लॉक नजर रखी जाएगी, लेकिन एमपी-यूपी को जोड़ने वाले उसैथ, होलापुरा, बरसलो, नगरा, कुथियाने, के बॉर्डर पर अधिक सख्ती बरती जाएगी। क्योंकि सबसे अधिक हथियारों की खेप इसी रास्ते से होकर आती है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्रक चालकों एवं क्लीनर्स को एच. आई. व्ही. एड्स के प्रति किया जागरूक किया।

फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा एवं लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना ट्रांसपोर्ट नगर द्वारा आज ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक ड्राइवर्स एवं क्लीनर्स को एच. आई. व्ही.एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रुप में संस्था के कार्यकारणी सदस्य श्री अंकित प्रजापति उपस्थित थे उन्होने अपने उड़वोदन में सभी इस वीमारी से बचने के वारे मशीन विस्तार पूर्वक बताया

नाटक का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित जी के मार्गदर्शन में किया गया।उन्होंने एच. आई. व्ही.क्या है तथा इससे कैसे बचा जा सकता है। एस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही इसके लक्षणों पर भी चर्चा की नाटक टीम द्वारा सभी को ट्रक ड्राइवर्स एवं क्लीनर्स को नाटक करके एक एक स्टेप वाइस एच. आई. व्ही.एड्स के कारणों एवं लक्षणों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के प्रोग्राम अधिकारी श्री शैलेन्द्र शर्मा द्वारा की गई साथ ही उन्होंने सभी के स्वास्थ्य पर चर्चा की। नाटक करने वालों में निशा प्रजापति ,शिवानी पाल,दीपाली माहोर,सोनम जाटव , सोनिया सिंह निशा वर्मा, पूजा नरवरिया निशा माहौर हर्षलाता पाल विशाल खन्ना प्रदीप भटनागर निशा द्वारा किया गया साथ ही हस्तक्षेप परियोजना की ओर से श्री मोनू राय,श्री जितेन्द्र शाक्य,सलमान खान,कल्याण रघुवंशी,एवं हेमंत सोबरन सिंह का मुख्य योगदान रहा।नाटक के माध्यम से 200 लोगों को जागरूक किया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रेशम मिल में बनाये जा रहे हाईस्कूल भवन का किया भूमि पूजन

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक करोड रूपये की लागत से रेशम मिल पानी की टंकी मैदान में बनाये जा रहे शासकीय हाई स्कूल भवन का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे अच्छे स्कूल में घर के नजदीक अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके, इसी उद्देशय से इस क्षेत्र में हाईस्कूल भवन बनाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल परिसर में बच्चों के खेलने के लिये खेल परिसर भी अवश्य बनाया जाए।

श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर को शिक्षा का हब बनाया जा रहा है। इस क्षेत्र में दो सीएम राइज स्कूल बनाये जा रहे हैं। जिनमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे निन्शुल्क प? सकेगें। साथ ही शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बन रहा है। उपनगर के शासकीय स्कूलों में फर्नीचर व बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस परिसर में संजीवनी क्लीनिक भी खुलेगी, जहां क्षेत्रीय निवासियों को घर के नजदीक ही निन्शुल्क इलाज मिल सकेगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि रेशम मिल की पेयजल समस्या का निदान हो गया है। अमृत योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी से सभी को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। हमारा प्रयास है कि सभी को बिना मोटर लगाए पानी मिले। उन्होंने कहा कि सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के लिये मनोरंजनालय में 500 सीट का ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है। शीघ्र ही मनोरंजनालय पार्क का भी लोकार्पण किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री बृजमोहन शर्मा, श्री संतोष भारती, श्री राजेन्द्र रैनिया, श्री ओमप्रकाश तोमर, श्री सुरेन्द्र चौहान, श्री जगराम कुशवाह, श्री मानसिंह तोमर व श्री रामसेवक सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत बांटे गए निन्शुल्क मूंग की दाल के बैग

पुष्पांजली टुडे ग्वालियर। शुक्रवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शहर की सभी सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर प्राथमिक और माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को क्रमशन् 10 व 15 किलो के मूंग की दाल के बैग का निन्शुल्क वितरण किया गया। हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जनप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन हितेषी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के 66 लाख छात्र-छात्राओं को मूंग की दाल के बैग निःशुल्क वितरण किए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करवाना है। यह योजना कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। यह बात वार्ड क्रमांक 53 स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 266 पर निशुल्क मूंग दाल बैग वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शुभम चौधरी ने छात्र-छात्राओं का स्वागत कर बैग वितरण करते हुए कही। श्री चौधरी ने कहा इस योजना के माध्यम से बच्चों को पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे कि बच्चे कुपोषण का शिकार होने से बच सकेंगे। देशभर में लगभग 11.8 करोड़ बच्चे इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। भाजपा की सरकार में अब देश के बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्राप्त करने के लिए किसी पर भी निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्योंकि सरकार द्वारा उनको पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में हितग्राही और दुकान संचालक धर्मेंद्र सिंह कौरव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शहर के वार्ड-63 में विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा 2 करो? 80 लाख मंजूर

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह की पहल पर मिली मंजूरी

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में शामिल हुए नए वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह विशेष रूप से प्रयासरत हैं। श्री कुशवाह की पहल पर राज्य शासन के राजस्व विभाग द्वारा एसडीआरएफ (बा? एवं सूखा राहत) मद से शहर के वार्ड-63 में विकास कार्यों के लिए 2 करो? 80 लाख रूपए की मंजूरी दी है। विकास कार्यों के लिए धनराशि मंजूर होने पर राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा है कि शहर के नए वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा नए वार्डों में सुनियोजित ढंग से विकास कार्यों को मूर्तरूप दिया जायेगा। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बताया कि शहर के वार्ड-63 के अंतर्गत मदनापुरा में नाला निर्माण के लिये 73 लाख 22 हजार, जमाहर में जलवंत लोधी के मकान से सांई ईंट उद्योग तक नाला निर्माण के लिये 13 लाख 59 हजार रूपए, जमाहर में ही भूपसिंह के मकान से हरीसिंह व भूरा यादव के मकान तक नाला निर्माण के लिये 57 लाख 19 हजार रूपए की मंजूरी मिली है। इसी तरह गोकुल गार्डन से बारह बीघा मिसहिल स्कूल रोड शंकर कॉलोनी से सैनिक कॉलोनी तक कबर्ड नाला निर्माण के लिये एक करो? 36 लाख रूपए की राशि राज्य शासन ने मंजूर की है।

प्रधानमंत्री 31 मई 22 को विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअल माध्यम से करेगें संवाद

ग्वालियर। पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा वर्चुअल माध्यम से विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से 31 मई 2022 मंगलवार को संवाद करेगें। यह कार्यक्रम सिंटी सेंटर स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित होगा। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों से देश के प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से संवाद करेगें। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों का पंजीयन एवं लाभ वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक हितग्राही उपस्थित रहकर शासन की योजनाओं का लाभ लें।

अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के इलाज की चिंता मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की है : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला शुरू

सांसद श्री शेजवलकर व बीज निगम के अध्यक्ष भी स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ करने पहुँचे

ग्वालियर। अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति बिना इलाज के न रह जाए, इसकी चिंता मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने की है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल पर प्रदेश के हर जिले में स्वास्थ्य मेले लगाए जा रहे हैं। यह बात ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला चिकित्सालय मुरार में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला के उदघाटन अवसर पर कही। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हो रहे इस दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला के उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की। इस अवसर पर बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन थे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर शहर में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। जिला चिकित्सालय परिसर में नया भवन बन रहा है। साथ ही जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन सहित अन्य आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की गई है। श्री तोमर ने इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य मेले से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराएं।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि आजादी के 75वे वर्ष पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं सहित आम आदमी की छोटी-छोटी समस्याओं की चिंता की है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि आजादी की 100वी वर्षगांठ के समय हमारा भारत पूर्ण स्वस्थ और दुनिया का श्रेष्ठ देश बनकर खड़ा हो। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आम आदमी के लिए राशन से लेकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का इंतजाम किया है। इसी सिलसिले में स्वास्थ्य मेले लगाए जा रहे हैं। श्री शेजवलकर ने शिविर के माध्यम से अधिकाधिक आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य आईडी बनवाने पर बल दिया।

बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन के लिये 20 करो? रूपए की धनराशि मंजूर की है। जिला चिकित्सालय में नया ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल पर लगाए गए स्वास्थ्य मेले में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा भी शिविरों में उपलब्ध है।

आरंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आईएमए की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंवदा भसीन, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा व सिविल सर्जन डॉ. आर के शर्मा तथा श्री धर्मेन्द्र राणा व श्री दिनेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर के गुप्ता ने किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडीकल स्टाफ को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक नन्ही-मुन्ही बालिका कु. अक्षरा ने सरस्वती वंदना पर शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी संगीतमय प्रस्तुति दी।

सांसद श्री शेजवलकर ने मोहना के लिए सौंपी एम्बूलेंस

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने अपनी सांसद निधि से मोहना नगर के लिये एक नई एम्बूलेंस सौंपी है। श्री शेजवलकर और बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय से हरी झण्डी दिखाकर इस एम्बूलेंस को रवाना किया।

डेड़ दर्जन से अधिक बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक दे रहे हैं सेवाएँ

जिला चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला में हृदय रोग, कैंसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, अस्थि रोग, श्वसन चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी, मूत्र रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग, नाक, कान व गला रोग व क्षय रोग सहित अन्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022

जिले के चारों विकासखण्डों के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित

2 जून तक पुलिस थानों में शस्त्र जमा करने के आदेश

समय-सीमा निकलने पर होगी धारा-188 व आयुध अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले के ग्रामीण अंचल में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विकासखण्ड मुरार, भितरवार, घाटीगाँव व डबरा की निर्वाचन क्षेत्र सीमा और उसकी 100 मीटर की परिधि में रहने वाले सभी निवासियों के अस्त्र-शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिए हैं। साथ ही सभी लायसेंसधारियों को अपने शस्त्र 2 जून 2022 तक संबंधित पुलिस थानों में जमा करने के लिए आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने इसी आदेश के जरिए सभी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र एवं अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने और उनके प्रदर्शन पर पूर्णतन् रोक लगा दी है। जिला दण्डाधिकारी ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि समयावधि के भीतर शस्त्र जमा न करने वाले शस्त्र लायसेंसधारी भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत दण्डनीय होंगे। यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय अभिभाषक, सुरक्षा व चुनाव व्यवस्था आदि में कर्तव्य पालन के लिये तैनात किए गए।

मेहरा टोल प्लाजा पर चला ट्रक ड्राइवरों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर और जागरूकता अभियान

ग्वालियर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गाइडलाइन और सहयोग से अलख-- सामाजिक एवं जन कल्याण समिति ग्वालियर द्वारा पिछले दिनों से लगातार ट्रक ड्राइवरों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नेशनल हाईवे नंबर 44 पर स्थित मेहरा टोल प्लाजा पर ट्रक ड्राइवर साथियों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ..जिसमें सैकड़ों ट्रक ड्राइवरों ने अपनी आंखों का परीक्षण कराया और अपने अपने नंबर के चश्मे व दवाइयां ली.. इसके अलावा ड्राइवरों को उनकी आंखों की रोशनी और आंखों की देखभाल के प्रति भी अलख-संस्था द्वारा जागरूक किया गया ..नेत्र परीक्षण शिविर में डॉक्टर सुनील सिंघल और राज अग्रवाल सहित डॉ.. पवन शर्मा की टीम ने ट्रक ड्राइवरों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक सुझाव भी दिए ।

शिविर के दौरान टोल प्लाजा मेहरा के मैनेजर सुनील यादव, गजेंद्र राठौर, एचआर मैनेजर पुखराज रायपुरिया और संजय गोस्वामी सहित राजीव गुप्ता वाष्णेय और विवेक मांझी की टीम ने सहयोग किया।

कार्यक्रम का संचालन और आभार अलख संस्था के सचिव जावेद खान ने व्यक्त किया।

कांग्रेस ने किया जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नमन

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेसजनो ने आज कम्पू स्थित नेहरू उद्यान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू जी की 58वीं पुण्यतिथी पर माल्यपर्ण कर नमन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर नमन कर विनम्र श्रृद्धाजंलि अर्पित करते हुए उपस्थित कांग्रेसजनो को संबोधित करते कहा कि प. नेहरू ने देष की आजादी के बाद देष में उद्योग व्यापार को बड़ावा दिया, देष में आधुनिक अस्पतालो का निमार्ण कराया, रेल्वे का विकास किया, भारत में बस स्टेंड का निर्माण कराया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478